राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 02
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 02 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग, 12 वर्षीय बच्चे को लगी गोली

पेज 4 पुलिस ने महिलाओं व आमजन को किया जागरूक

पेज 6 रोहित-कोहली की चमक में फीका पड़ा कुलदीप यादव का विश्व

## संक्षिप्त खबरें

### हैदराबाद में फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश, 9 गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद की साइबराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों से करीब 10 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने छापेमारी कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया। पुलिस का कहना है कि फ्रॉड रैकेट के मास्टरमाइंड प्रवीण और प्रकाश फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। डीसीपी ने बताया कि यह कॉल सेंटर माधोपुर की अयप्पा सोसाइटी में रिज आईटी सॉल्यूशन के नाम से चल रहा था। एसओटी बालानगर और साइबर क्राइम टीम ने 12 कंप्यूटर और 45 ऑस्ट्रेलियाई बैंक खातों का डेटा जब्त किया।

### श्रीगंगानगर में आइएसआइ का एजेंट गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान अपराध जांच विभाग (सीआइडी) की इंटेलिजेंस टीम ने श्रीगंगानगर में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ के एक एजेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपित प्रकाश सिंह उर्फ बादल इंटरनेट मीडिया के माध्यम से आइएसआइ के संपर्क में था। वह मूलरूप से पंजाब के फिरोजपुर का रहने वाला है। प्रकाश इंटरनेट मीडिया के माध्यम से आइएसआइ के संपर्क में था। वह राजस्थान, पंजाब और गुजरात में भारतीय सेना से जुड़ी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं एकत्रित कर पाकिस्तानी हैंडलर्स को भेजता था।



### हैप्पी मॉर्निंग


गर्लफ्रेंड- बाबू एक लड़के ने मुझे प्रपोज कर दिया
बॉयफ्रेंड- तो ब्लॉक कर दो उसे
गर्लफ्रेंड- ओके बाबू
फिर से गर्लफ्रेंड ने बॉयफ्रेंड को फोन किया भैया वह मुझे आईफोन दिला रहा है
बॉयफ्रेंड- अरे मैं भैया कैसे हो गया



### शायरी

सच्चाई का झंडा लेकर वोट देने जायेंगे,
जो देश हित का काम करे वही सरकार बनायेंगे.

### अर्थसार



सेंसेक्स:
85,641.90
-64.77 (0.076%)
निफ्टी:
26,175.75
-27.20

### मौसम



अधिकतम : 24 डिग्री से0
न्यूनतम : 08 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 7 : 02
सूर्यास्त मंगलवार : 5 : 27

# सरकार ने माना- देशभर के एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक हुए

**विमानों को गलत सिग्नल मिले, इससे पिछले महीने दिल्ली में 800 फ्लाइट लेट हुई थीं**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में 7 नवंबर को छेड़छाड़ की गई थी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने सोमवार को राज्यसभा में यह बात स्वीकारी।

उन्होंने बताया कि इस वजह से प्लेन को गलत सिग्नल मिले थे। इसे जीपीएस स्पूफिंग कहा जाता है। 7 नवंबर को दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन 12 घंटे से ज्यादा प्रभावित रहा था।

800 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स देरी से उड़ीं जबकि 20 को रद्द करना पड़ा था।

नायडू ने सदन में बताया कि वैश्विक स्तर पर रैनसमवेयर-मैलवेयर अटैक का खतरा बढ़ा है। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपने आईटी और क्रिटिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर की सेफ्टी के लिए एडवांस साइबर सिक्योरिटी अपना रहा है।



उन्होंने यह जानकारी सांसद एस. निरंजन रेड्डी के सवाल पर दी। रेड्डी ने पूछा था कि क्या सरकार को आईजीआई पर हुई जीपीएस स्पूफिंग की जानकारी है। DGCA-AAI की इससे बचने की क्या तैयारी है।

### अब जानिए 7 नवंबर को क्या हुआ था?

दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल के ऑटोमेटिक मैसेज स्विच सिस्टम में शुक्रवार को तकनीकी खराबी आने से फ्लाइटस ऑपरेशन 12 घंटे से ज्यादा प्रभावित रहा था।

800 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स देरी से उड़ीं और 20 को रद्द करना पड़ा। सिस्टम में खराबी सुबह 9 बजे आई थी। रात करीब साढ़े 9 बजे ठीक हुई थी। हालांकि गुरुवार शाम को भी शिकायत मिली थीं।

एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने शुक्रवार शाम 8: 45 बजे बताया था कि AMSS सिस्टम एक्टिव है और अब ठीक से काम कर रहा है। सिस्टम ग्लिच के कारण दिनभर पैसेंजर्स एयरपोर्ट पर परेशान होते रहे थे।

बोर्डिंग गेट के पास लंबी कतारें लगी थीं। उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 के अनुसार सभी फ्लाइट में एवरेज 50 मिनट की देरी हुई थी।

दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट लेट होने का असर मुंबई, भोपाल, चंड़ीगढ़, अमृतसर समेत देशभर के कई एयरपोर्ट्स पर भी दिखा था।

# सीबीआई देशभर के डिजिटल अरेस्ट केस की जांच करेगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन को देशभर से सामने आए डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पैन इंडिया जांच की जिम्मेदारी सौंपी है।

सोमवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच में सीबीआई की मदद करने के भी निर्देश दिए।

सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा- डिजिटल अरेस्ट तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम है। इसमें ठग खुद को पुलिस, कोर्ट या सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो/ऑडियो कॉल के जरिए पीड़ितों, खासकर सीनियर सिटिजन को धमकाते हैं और उनसे पैसे वसूलते हैं।

सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर पूछा कि साइबर ठगी में उपयोग हो रहे बैंक खातों को तुरंत ट्रैक और फ्रीज करने के लिए एआई और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा।

# अब हर मोबाइल में होगा साइबर सिक्योरिटी एप

- सरकार ने कंपनियों को 90 दिन की डेडलाइन दी, 'संचार साथी' एप से 7 लाख फोन रिकवर हुए

**नई दिल्ली।** अब हर नए स्मार्टफोन में साइबर सिक्योरिटी एप 'संचार साथी' प्री-इंस्टॉल (पहले से डाउनलोड) मिलेगा। केंद्र सरकार ने स्मार्टफोन कंपनियों को आदेश दिया कि वे स्मार्टफोन में सरकारी साइबर सेफ्टी एप को पहले से इंस्टॉल करके बेचें।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, आदेश में एपल, सैमसंग, वीवो, ओप्पो और शाओमी जैसी मोबाइल कंपनियों को 90 दिन का समय दिया गया है। इस एप को यूजर्स डिलीट या डिसेबल नहीं कर सकेंगे। पुराने फोन पर सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए यह एप इंस्टॉल किया जाएगा।

हालांकि यह आदेश फिलहाल पब्लिक नहीं किया गया है, बल्कि चुनिंदा कंपनियों को निजी तौर पर भेजा गया है। इसके पीछे सरकार का मकसद साइबर फ्रॉड, फर्जी आईएमईआई नंबर और फोन की चोरी को रोकना है। संचार साथी एप से अब तक 7 लाख से ज्यादा गुम या चोरी हुए मोबाइल वापस मिल चुके हैं। एक सीनियर सरकारी अधिकारी ने कहा, एप फर्जी आईएमईआई से होने वाले स्कैम और नेटवर्क मिसयूज को रोकने के लिए जरूरी है।

### संचार साथी एप क्या है, कैसे करेगा मदद

संचार साथी एप सरकार का बनाया साइबर सिक्योरिटी टूल है, जो 17 जनवरी 2025 को लॉन्च हुआ था।

अभी यह एपल और गूगल प्ले स्टोर पर वॉलंटरी डाउनलोड के लिए उपलब्ध है, लेकिन अब नए फोन में यह जरूरी होगा।

एप यूजर्स को कॉल, मैसेज या वॉट्सएप चैट रिपोर्ट करने में मदद करेगा।

आईएमईआई नंबर चेक करके चोरी या खोए फोन को ब्लॉक करेगा।

### विश्व एड्स दिवस




भोपाल में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली के दौरान मानव श्रृंखला बनाते छात्र।

### चंडीगढ़ में युवक की 5 गोलियां मारकर हत्या

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में सोमवार देर शाम टिंबर मार्केट में 3 बदमाशों ने कार सवार युवक की गोलियां मारकर हत्या कर दी। बदमाशों ने उसकी कार का पीछा किया। इसके बाद उसे घेरकर ताबड़तोड़ 5 गोलियां चलाईं। सारी गोलियां युवक के शरीर पर लगीं। इसके बाद बदमाश क्रेटा कार में वहां से फरार हो गए। राहगीरों ने उसे तुरंत पीजीआई चंडीगढ़ भर्ती कराया। जहां उसने दम तोड़ दिया। मरने वाले युवक इंद्रप्रीत सिंह उर्फ पैरी की सवा महीने पहले ही शादी हुई थी। वारदात की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। इसके साथ ही मोहाली और पंचकूला से सटी चंडीगढ़ की सीमाएं सील कर दी गई हैं। पूरे शहर में नाकाबंदी कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मरने वाले युवक के पिता पंजाब पुलिस में इंस्पेक्टर रह चुके हैं। कत्ल के बाद पैरी की कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ के साथ फोटो वायरल हो गई। उस पर पहले से भी केस दर्ज हैं। चर्चा है कि बंबीहा गैंग के शूटरों ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

# प्रदूषण पर केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट की 'फटकार'

- दिल्ली-एनसीआर प्रदूषण, सुप्रीम कोर्ट बोला- सिर्फ किसान जिम्मेदार नहीं
- कोविड में भी पराली जलाई फिर भी आसमान साफ था; सरकार एक्शन प्लान पर दोबारा विचार करे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में बढ़ रहे वायु प्रदूषण पर केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों को फटकार लगाई। अदालत ने वायु प्रदूषण के लिए सिर्फ किसानों को जिम्मेदार ठहराने पर आपत्ति जताई।

सुप्रीम कोर्ट ने एमसी मेहता की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पराली जलाना नया नहीं है।

4-5 साल पहले कोविड और लॉकडाउन के दौरान भी पराली जलाई जा रही थी फिर भी आसमान साफ और नीला दिखाई देता था, अब क्यों नहीं? चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत और जस्टिस बागची की बेंच ने कहा कि पराली जलाने से जुड़ी बहस को राजनीतिक या अहंकार का मुद्दा नहीं बनना चाहिए। दिल्ली की जहरीली हवा के कई कारण हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बढ़ते एयर पॉल्यूशन के पीछे पराली जलाने के अलावा दूसरे कारणों का साइंटिफिक एनालिसिस भी किया जाना चाहिए। अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी।



# कश्मीर-लखनऊ में 8 जगहों पर एनआईए की रेड

**आतंकी शाहीन और ड्रोन हमलों की प्लानिंग करने वाले बिलाल के घर की तलाशी ली**

**श्रीनगर।** दिल्ली आतंकी ब्लास्ट मामले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में 8 जगहों पर छापेमारी की।

एजेंसी ने कश्मीर में मौलवी इरफान अहमद, डॉ. आदील, डॉ. मुजम्मिल, आमिर राशिद और जसीर बिलाल और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शाहीन के घर पर धावा बोला।

न्यूज एजेंसी के अनुसार, एनआईए की छापेमारी शोपियां के नादिगाम गांव, पुलवामा के कोइल, चंदगाम, मलंगपोरा, संबूरा और कुलगाम में की गई। इसके अलावा डॉ. उमर नबी के साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश के घर पर भी छानबीन की गई। उस पर हमास की तरह भारत में ड्रोन हमलों की साजिश रचने का आरोप है।

एजेंसी सूत्रों के मुताबिक टीमें ऐसे



सबूतों की तलाश कर रही हैं जो व्हाइट कॉलर टेरर नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। तलाशियों में नए सबूत मिले या नहीं इसको लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

### पहले दिल्ली धमाके के बारे में जानिए...

दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर की शाम 6: 52 बजे सफेद रंग की हुंडई कार में धमाका हुआ था। ब्लास्ट में 15 लोगों की मौत हुई थी। कार को आतंकी डॉ. उमर चला रहा था। कार ब्लास्ट में अब तक एनआईए ने मौलवी इरफान, डॉ. आदिल, जसीर बिलाल समेत 7 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 5 जम्मू-कश्मीर के निवासी हैं। धमाके में खुद को उड़ाने वाला डॉ. उमर भी पुलवामा का रहने वाला था। वह फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर था।

# एमपी में 15 घंटे बाद किसानों का आंदोलन स्थगित

**धार कलेक्टर का सीएम-पीएम तक मांगें पहुंचाने का आश्वासन; दिल्ली जाएगा एक प्रतिनिधिमंडल**

एजेंसी

**धार।** मध्यप्रदेश के धार जिले के धामनोद स्थित खलघाट टोल पर मंगलवार सुबह 5 बजे राष्ट्रीय मजदूर किसान महासंघ के नेतृत्व में किसानों ने चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन शुरू किया।

यह आंदोलन दिनभर चला और किसान नेशनल हाईवे-52 पर सड़क पर ही बैठे रहे। देर शाम करीब 8 बजे धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, धार एसपी मयंक अवस्थी और खरगोन एसपी मौके पर किसानों से चर्चा करने पहुंचे।

किसान संघ के पदाधिकारियों ने अपनी मांगें प्रशासन के सामने रखीं और विधिवत ज्ञापन का वाचन किया।

ज्ञापन सुनने के बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगें मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक पहुंचाई जाएंगी।

इसके साथ ही केंद्रीय राज्य मंत्री व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सावित्री ठाकुर के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जाकर सरकार के सामने अपनी बात रखेगा। इस आश्वासन के बाद किसान संघ ने धरना-प्रदर्शन स्थगित करने की घोषणा कर दी।

# वीआईटी यूनिवर्सिटी को नोटिस, 7 दिन में मांगा जवाब

- सरकार ने दी कार्रवाई की चेतावनी; जांच रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताएं मिलीं

**सीहोर।** मध्य प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने सीहोर के वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को गंभीर अनियमितताओं के आधार पर धारा 41(1) के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यूनिवर्सिटी से 7 दिन में अपना पक्ष रखने को कहा गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि तय समय में जवाब नहीं मिलने पर धारा 41(2) के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

ये नोटिस विश्वविद्यालय नियामक आयोग द्वारा गठित 3 सदस्यीय जांच समिति की विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर जारी किया गया है।

इस रिपोर्ट में बताया गया था कि यूनिवर्सिटी के छात्रावासों में मेस की सेवाएं बेहद खराब हैं। भोजन और पानी की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। छात्र पीलिया से ग्रस्त पाए गए, लेकिन प्रबंधन ने यह जानकारी छिपाने की कोशिश की।


रिपोर्ट के अनुसार, वीआईटी यूनिवर्सिटी का परिसर किसी 'किले' की तरह संचालित होता है, जहां प्रबंधन के अपने ही नियम चलते हैं। शिकायत करना तो दूर, छात्रों या कर्मचारियों को कोई प्रतिक्रिया देने की भी अनुमति नहीं है।

# युवक की गोली मारकर हत्या, मंत्री के समधी हिरासत में

**भिंड में शादी समारोह के दौरान विवाद; परिजन ने हाईवे पर जाम लगाया**

**भिंड।** भिंड जिले में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप मंत्री राकेश शुक्ला के समधी समेत 3 लोगों पर है। समधी हिरासत में हैं जबकि दोनों साथी फरार हैं।

मामला गोहद के डांग गांव का है। यहां रविवार रात को एक शादी समारोह में हिस्सा लेने के लिए मुरलीपुरा निवासी जेपी कांकर अपने साथियों- सुनील कांकर और दीपू बोहरे के साथ पहुंचे थे। शराब के नशे में होने की वजह से रात 10 से 11 बजे के उनकी गौरव गुर्जर से बहस हो गई।




बात कहासुनी से मारपीट तक पहुंच गई। विवाद बढ़ने पर जेपी कांकर ने फायरिंग कर दी। गोली गौरव के पेट में लगी। गंभीर रूप से घायल गौरव को ग्वालियर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जेपी कांकर की बेटी की शादी मंत्री राकेश शुक्ला के बेटे से हुई है। सुनील कांकर कांग्रेस का स्थानीय नेता है।

**एसआईआर विरोध**

**यूपी में असिस्टेंट बीएलओ की सोते-सोते मौत, देश में अब तक 29 की जान गई**

# बंगाल में एसआईआर के विरोध में बीएलओ का प्रदर्शन

नई दिल्ली/कोलकाता/लखनऊ। देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 28 अक्टूबर से स्पेशल इंटेंसिव रिविजन की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। कई राज्यों से बीएलओ की मौत की खबरें भी आ रहीं हैं।

उत्तर प्रदेश के संभल में सोमवार को सहायक बीएलओ की सोते-सोते मौत हो गई। इससे पहले 30 नवंबर को मुरादाबाद में एसआईआर काम में लगे टीचर ने सुसाइड कर लिया था। राज्य में अब तक 8 कर्मचारियों की जान जा चुकी है। 3 ने सुसाइड, 3 की हार्ट अटैक से और एक की ब्रेन हेमरेज से मौत हुई थी।



सात राज्यों में अब तक 29 बीएलओ की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश में 9 बीएलओ की जान गई है। वहीं एसआईआर के विरोध में सोमवार को कोलकाता में पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी के ऑफिस के बाहर बीएलओ अधिकार रक्षा कमेटी के सदस्यों ने प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की। ठीक उसी समय भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी और पार्टी के कई एमएलए चुनाव अधिकारियों के साथ तय मीटिंग के लिए वहां पहुंचे थे। वहां मौजूद बीजेपी कार्यकर्ताओं से भी प्रदर्शनकारियों की बहस हुई।

### प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी मीटिंग का विरोध किया

बीएलओ कमेटी काम के लिए बेहतर हालत की मांग को लेकर कई दिनों से विरोध कर रही है। सोमवार को आंदोलन तेज हो गया। वे मरे हुए बीएलओ के परिवारों को मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

कमेटी सदस्य इस बात पर अड़े रहे कि उन्हें भी ज्ञापन देने के लिए अंदर जाने दिया जाए।

वहीं सुवेंदु अधिकारी ने सीईओ से मीटिंग के बाद बताया कि भाजपा ने 17,111 बूथों का डेटा दिया है और 14 दिसंबर के बाद होने वाली सुनवाई पर सख्त नजर रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि कमीशन के कंट्रोल रूम से लाइव सीसीटीवी निगरानी के बिना कोई भी सुनवाई नहीं होनी चाहिए।

अधिकारी ने सीईओ ऑफिस के बाहर बीएलओ के विरोध को चुनाव आयोग के खिलाफ टीएमसी की लिखी स्क्रिप्ट बताया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि टीएमसी एसआईआर रोकना चाहती है ताकि अपने घुसपैठियों वाले वोट बैंक को बचा सके। जब अधिकारी बाहर निकले, तो बीएलओ प्रदर्शनकारियों ने चोर-चोर के नारे लगाए।

## संपादकीय

# बढ़ती जीडीपी : सरकारी आंकड़ों पर उठते सवाल



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारतीय अर्थव्यवस्था की तस्वीर आजकल चमकदार लग रही है। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.2 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई है। यह पिछले छह तिमाहियों में सबसे अधिक है, जो पहली तिमाही के 7.8 प्रतिशत से भी बेहतर है। सरकार इसे अपनी नीतियों की सफलता का प्रमाण मान रही है। लेकिन क्या यह वृद्धि जमीनी हकीकत को पूरी तरह प्रतिबिंबित करती है? विपक्ष, अर्थशास्त्री और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं जैसे आईएमएफ सरकारी आंकड़ों पर सवाल उठा रही हैं। बढ़ती जीडीपी के आंकड़े भले ही सुर्खियां बटोर रहे हों, लेकिन बेरोजगारी, महंगाई और असमानता की बढ़ती खाई इनकी विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगा रही है।

इस विवाद की जड़ में आंकड़ों की गुणवत्ता है। 28 नवंबर 2025 को जारी आंकड़ों के ठीक पहले आईएमएफ ने भारत के जीडीपी डेटा को %सी% ग्रेड दिया, जो पाकिस्तान जैसे देशों के बराबर है। आईएमएफ की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय आंकड़ों में कमियां हैं, जैसे व्यय पक्ष के डेटा की कमी और घरेलू सर्वेक्षणों की अविश्वसनीयता। यह ग्रेड आंकड़ों की पारदर्शिता और सटीकता पर सवाल उठाता है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल फॉर्मेशन में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं है। निजी निवेश में नई गति के बिना उच्च जीडीपी वृद्धि लंबे समय तक टिक नहीं सकती। उन्होंने जीडीपी डिफ्लेटर को अवास्तविक रूप से कम बताकर आंकड़ों को %हेडलाइन मैनेजमेंट% करार दिया। अर्थशास्त्री अक्षत श्रीवास्तव ने भी 8.8 प्रतिशत नाममात्र जीडीपी वृद्धि और मात्र 1 प्रतिशत महंगाई के बीच डिस्कनेक्ट पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि यह आंकड़े जमीनी हकीकत से दूर हैं, जहां उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) बढ़ रहा है।

ये सवाल नए नहीं हैं। पिछले वर्षों में भी जीडीपी आंकड़ों पर विवाद होता रहा है। 2024 की तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत वृद्धि को लेकर पूर्व वित्त सचिव शुभांजलि शर्मा ने कहा था कि यह आंकड़े चुनावी माहौल में चमकदार बनाने की कोशिश लगते हैं। बीबीसी की रिपोर्ट में उल्लेख है कि 2021 में 20.1 प्रतिशत की ऊंची वृद्धि भी महामारी पूर्व स्तर से नीचे थी, और निर्माण क्षेत्र की 68.3 प्रतिशत छलांग बेस इफेक्ट पर निर्भर थी। आज भी यही पैटर्न दिखता है। विनिर्माण क्षेत्र में 9.1 प्रतिशत वृद्धि हुई, लेकिन यह बड़े उद्योगों तक सीमित है। छोटे-मध्यम उद्यम (एमएसएमई) पर दबाव बना हुआ है, जहां क्रेडिट ग्रोथ महज 8-9 प्रतिशत है।

जमीनी स्तर पर आंकड़ों और वास्तविकता का फासला साफ दिखता है। 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि के बावजूद बेरोजगारी 45 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि 80 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं, जबकि स्वास्थ्य-शिक्षा व्यवस्था चिंताजनक है। महंगाई दर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई, आलू-प्याज की कीमतें 50 प्रतिशत बढ़ीं। ग्रामीण मांग में सुधार है, लेकिन शहरी खपत कमजोर। सस्ते कारों की बिक्री हिस्सेदारी 80 से घटकर 50 प्रतिशत रह गई, और सस्ते घरों की 38 से 22 प्रतिशत। एफएमसीजी उत्पादों की मांग घट रही है, जो मध्यम वर्ग की खरीदारी क्षमता पर दबाव दर्शाता है। एक्स पर यूजर नंदू विस्तार ने लिखा, 8.2 प्रतिशत जीडीपी की चमक में 82त्न जनता की तकलीफें छुपाई जा रही हैं।

सरकार की ओर से जवाब आता है कि सार्वजनिक व्यय और निर्यात में मजबूती ने वृद्धि को गति दी। एचडीएफसी बैंक की रिपोर्ट कहती है कि कम महंगाई और सेवा निर्यात ने मदद की, लेकिन अगले छह महीनों में अमेरिकी टैरिफ (50 प्रतिशत तक) से ग्रोथ 6.6 प्रतिशत रह सकती है। आरबीआई ने पूरे वर्ष 6.5 प्रतिशत का अनुमान लगाया है। लेकिन विशेषज्ञ जैसे पॉलिसी सर्कल के विश्लेषक पूछते हैं कि क्या यह शुगर हाई है? जीडीपी और जीवीए (ग्रॉस वैल्यू एडेड) में मामूली अंतर (8.2 बनाम 8.1 प्रतिशत) उत्पाद करों पर निर्भर है, जो वास्तविक उत्पादन को नहीं दर्शाता। निजी निवेश लुप्त है, और क्षमता उपयोग 74 प्रतिशत पर स्थिर।

ये सवाल सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि समावेशी विकास पर हैं। मोदी सरकार के दस वर्षों में जीडीपी 3.9 ट्रिलियन डॉलर पहुंची, लेकिन प्रति व्यक्ति आय में सुधार धीमा। मैन्युफैक्चरिंग का हिस्सा 25 प्रतिशत के लक्ष्य से घटकर 13 प्रतिशत रह गया। कॉरपोरेट टैक्स घटा, लेकिन इनकम टैक्स बढ़ा, जो असमानता बढ़ाता है। एक्स पर जयकी यादव ने कहा कि बड़ी जीडीपी जनसंख्या के कारण है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय में उछाल के लिए अच्छी नीतियां जरूरी।

अंत में, भड़ती जीडीपी सरकारी आंकड़ों पर विश्वास बहाल करने का मौका है। पारदर्शी डेटा संग्रह, निजी निवेश को बढ़ावा और रोजगार सृजन पर फोकस से ही यह वृद्धि सतत बनेगी। अन्यथा, ये आंकड़े सिर्फ कागजी शेर बने रहेंगे। भारत को 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का सपना है, लेकिन उसके लिए आंकड़ों जितनी ही मजबूत नीतियां चाहिए। सवाल उठना जरूरी है, ताकि विकास सबका हो।

# संसद को बाधित करना राष्ट्र को बाधित करना है

-ललित गर्ग-



भारत की संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से आरंभ हो रहा है और इसके प्रारंभ होने से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने आने वाले दिनों में संसद की कार्रवाई के हंगामेदार होने का संकेत देने में देर नहीं लगाई। विपक्ष ने स्पष्ट कर दिया है कि वह एस.आई.आर. सहित कई मुद्दों पर जोरदार ढंग से सदन में अपनी आवाज उठाएगा। विपक्ष संसद में सवाल उठाए, आवाज उठाए, यह उसका संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य है, लेकिन मुद्दा यह है कि क्या यह अधिकार सार्थक बहस के रूप में सामने आएगा या एक बार फिर हंगामे की भेंट चढ़कर भारत के लोकतंत्र को शर्मसार करेगा। मॉनसून सेशन अगर ऑपरेशन सिंदूर के नाम था, तो इस बार बहस के केंद्र में एस.आई.आर. है। लेकिन, सरकार और विपक्ष-दोनों से ही सदन के भीतर ज्यादा समझदारी, संयम, शालीनता और सहयोग की अपेक्षा है, ताकि सत्र में अधिक काम हो सके। शीतकालीन क19 दिसंबर तक चलना है। इसमें कुल 15 दिन कार्यवाही चलेगी और इस दौरान शिक्षा, सड़क और कॉरपोरेट लॉ संबंधी कई अहम बिल पेश किए जाएंगे। इसी सत्र में हेल्थ सिक्यॉरिटी एंड नैशनल सिक्यॉरिटी सेस बिल, 2025 भी रखा जा सकता है, जिसका मकसद देश के हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा तैयारियों के लिए एक नया उपकर लगाना है। सारे ही बिल-प्रस्ताव महत्वपूर्ण हैं और इन पर सार्थक बहस की जरूरत है।

निश्चित दौर पर पिछले अनेक वर्षों से संसद की कार्रवाई हंगामे, शोर-शराबे, नारेबाजी की भेंट चढ़ती रही है। पिछला सत्र इस संदर्भ में बेहद निराशाजनक रहा। वेल में आकर नारेबाजी, कुर्सियां ठोकने, प्लेकार्ड दिखाने और लगातार स्थगन जैसे दृश्य दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण तस्वीर पेश करते रहे। वह सत्र देश के संसदीय इतिहास के सबसे कमजोर प्रदर्शन वाले सत्रों में गिना गया, जब लोकसभा की प्रॉडक्टिविटी महज 31 प्रतिशत के आसपास और राज्यसभा की लगभग 39 प्रतिशत रही। हंगामे और शोर-शराबे की वजह से दोनों सदनों में कई महत्वपूर्ण घंटे बर्बाद हो गए थे। सवाल यह है कि आखिर यह परंपरा कब बदलेगी? कब हमारे जनप्रतिनिधि समझेंगे कि संसद का एक-एक मिनट देश के करोड़ों लोगों की गाढ़ी कमाई से चलता है? एक मिनट का व्यर्थ खर्च लोकतंत्र की आत्मा को चोट पहुंचाता है। संसद केवल बहस का मंच नहीं बल्कि देश की नीतियों, कानूनों और विकास-दिशा को तय करने वाला सर्वोच्च स्थल है। लोकतंत्र की सफलता का मूलमंत्र जनता द्वारा चुनकर भेजे गए प्रतिनिधियों की सजगता, जवाबदेही और गरिमा है। इसलिए संसद का हर क्षण अर्थपूर्ण, कार्यकारी होना चाहिए, हर चर्चा राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाने वाली होनी चाहिए और हर बहस शालीनता तथा परिपक्वता की कसौटी पर खरी उतरनी चाहिए।

सत्र को सुचारुरूप से चलाने के लिये सरकार की ओर से सर्वदलीय बैठक आयोजित करना एक स्वस्थ एवं सौहार्दपूर्ण परम्परा एवं एक आशा की किरण है। इस बार भी सत्र शुरू होने से पहले 36 दलों का एक साथ बैठक करना एक अच्छी शुरुआत है। यह बैठक केवल औपचारिकता नहीं बल्कि संवाद और सहयोग की दिशा में एक सार्थक पहल है। देश यह उम्मीद कर सकता है कि यदि सदन का संचालन भी इसी सकारात्मक भावभूमि पर हुआ तो यह सत्र एक आदर्श परंपरा स्थापित कर सकता है। लोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, परंतु मनभेद अनिवार्य नहीं। संसद उन मनभेदों को संवाद में बदलने का पवित्र स्थान है। निश्चित ही विपक्ष की भी अपनी मांगें हैं, जिसे सर्वदलीय बैठक में रखा गया। विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, एसआईआर, वायु प्रदूषण और विदेश नीति पर विस्तृत चर्चा चाहता है। अच्छी बात है कि विपक्षी दलों ने इस बारे में पहले ही अवगत करा दिया है और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के ही मुताबिक, किसी ने भी यह नहीं कहा कि संसद नहीं चलने दी जाएगी। सरकार और विपक्ष, दोनों का इस पर सहमत होना कि सदन चलना चाहिए, स्वागत योग्य है।

इस सत्र से सरकार 14 महत्त्वपूर्ण विधेयक पेश करने जा रही है। इन विधेयकों को पारित करवाना मात्र सरकार की जिम्मेदारी नहीं है; यह विपक्ष की भी उतनी ही बड़ी भूमिका है कि वह रचनात्मक सुझाव दे, आवश्यक संशोधन का आग्रह करे और राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए संवाद के माध्यम से कानूनों को दिशा दे। लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों दो पहिये हैं, एक पहिया चिटक जाए तो रथ आगे नहीं बढ़ता। आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद में एक नई लकीर खींची जाए- शालीनता की, संवैधानिक मर्यादाओं की, तर्कसंगत बहस की और राष्ट्रीय हित की। दुनिया भर के लोकतंत्रों में बहसें गरम होती हैं, लेकिन गरिमा नहीं टूटती। भारत में भी यह संस्कृति विकसित होनी चाहिए। विपक्ष का काम सरकार को कठघरे में खड़ा करना है, लेकिन वह हंगामे से नहीं बल्कि तथ्यपूर्ण तर्कों से हो। सवाल उठाने का अधिकार तभी सार्थक है जब उसके साथ उत्तर सुनने की तैयारी भी हो। पिछले कुछ सत्रों में यह प्रवृत्ति बढ़ी है कि विपक्ष प्रश्न पूछता है लेकिन उत्तर सुनने का अवसर ही नहीं देता। यह लोकतंत्र की आत्मा का हनन है। संसद सिर्फ आवाज बुलंद करने का मंच नहीं, वह सुनने, समझने और समाधान खोजने का माध्यम है। दुर्भाग्य से, पिछले कुछ वर्षों में यह मंच पक्ष और विपक्ष की राजनीतिक लड़ाइयों का अखाड़ा बनता जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि सरकार को भी विपक्ष के सवालों का सम्मानपूर्वक जवाब देना चाहिए, लेकिन विपक्ष को भी यह समझना होगा कि राजनीति निरंतर संघर्ष का नाम नहीं बल्कि संवाद की प्रक्रिया है।

देश की जनता बेहद उम्मीदों के साथ इस सत्र को देख रही है। महंगाई, रोजगार, सुरक्षा, विदेश नीति, सामाजिक सौहार्द, अर्थव्यवस्था, कृषि, शिक्षा और न्याय-ये सभी गंभीर मुद्दे हैं। जनता चाहती है कि उसके चुने हुए प्रतिनिधि इन मुद्दों पर ठोस बहस करें।

यदि संसद हंगामों का अखाड़ा बन जाए, तो इन मुद्दों का समाधान कैसे निकलेगा? लोकतंत्र का वास्तविक मूल्य कानून में नहीं बल्कि उसके निर्बाध संचालन में है; यदि संचालन त्रुटिपूर्ण हो जाए, तो कानून भी अर्थहीन हो जाता है। संसद की गरिमा देश की गरिमा है। सांसद केवल राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा के वाहक हैं। उनकी भाषा, उनका आचरण और उनकी बहसें भविष्य की राजनीति का मार्ग तय करती हैं। यह चिंता का विषय है कि आज युवा पीढ़ी संसद के व्यवहार को लोकतंत्र का आदर्श नहीं, बल्कि अव्यवस्था का प्रतीक मानने लगी है।

सदन की मर्यादा केवल स्पीकर या सभापति पर निर्भर नहीं, बल्कि सभी सांसदों के संयम एवं शालीनता पर निर्भर है। सभापति का सम्मान करना, नियमों का पालन करना, विषय पर रहने वाली बहस करना और असहमति में भी सभ्यता-शालीनता बनाए रखना-ये संसदीय चरित्र के मूल तत्व हैं। इनका पालन ही संसद की शुचिता को बनाए रख सकता है। यदि सरकार बहुमत के अहंकार में विपक्ष की उपेक्षा करती है तो यह गलत है; लेकिन यदि विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका छोड़कर केवल अवरोध बन जाए तो यह भी लोकतंत्र के साथ अन्याय है। संसद तभी सफल होगी जब दोनों तरफ का आचरण सकारात्मक हो। इस दृष्टि से शीतकालीन सत्र नई परंपराओं का प्रारंभ बनना ही चाहिए। इस बार के सत्र से यह अपेक्षा है कि यह एक सकारात्मक, शालीन और प्रगति का सत्र बने। यह केवल कानून पारित करने का सत्र न हो; यह संवाद का, सौहार्दपूर्ण वार्ता का, समस्याओं के समाधान का और राष्ट्रीय हित के नए संकल्प का सत्र हो। यदि इस बार पक्ष और विपक्ष मिलकर अनुशासन, मर्यादा और जिम्मेदारी की एक नई लकीर खींच दें, तो देश के लोकतांत्रिक इतिहास में यह सत्र मील का पत्थर बन सकता है। भारत का लोकतंत्र विश्व के लिए प्रेरणा बन सकता है, बशर्ते संसद स्वयं अपने भीतर अनुशासन, शांति और संवाद की संस्कृति को स्थापित करे। यह सत्र उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बन सकता है। देश आज यही उम्मीद कर रहा है कि जो सर्वदलीय बैठक शांति और सहमति से हुई, उसी भाव के साथ संसद का संचालन भी हो। यदि यह संभव हुआ तो यह केवल एक सत्र की सफलता नहीं होगी, बल्कि भारत के लोकतंत्र की विजय होगी।

# तेरी किस्मत में चांद ही चांद है।

इस शहर में हर तरफ़ चंद झिलमिलाते चाँद हैं,
कौन समेटे इन उजालों को यहाँ हज़ारों चाँद हैं।

आईने से पूछ लो क्यूँ यूँ मुस्कुराता वो,
कहता है मेरे सामने सब फीके चाँद हैं।

रात की ख़ामोशियों में जब नाम तेरा आ गया,
सन्नाटा बोल उठा कितने हसीं से चाँद हैं।

राहें तमस में भी झिलमिल क्यों दिखाई दे गईं,
लगता है आज दिलों के आसमान पर चाँद हैं।

इक झोंका प्यार का आया तो मौसम बदल गया,
सूरज भी मान गया रौशन तुम्हारा चाँद हैं।

कब्र पर चुपके से फूल रख गया कोई शख़्स,
फिर वो आवाज़ आई यादों के महके चाँद हैं।


संजीव यूँ ही न कर ख़ुद को उदास रातों में,
दिल को है यक़ीं तेरी किस्मत में और भी चाँद हैं।



संजीव ठाकुर रायपुर
छत्तीसगढ़ 9009 415 415,

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3727



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3726 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

बड़े लंबे अरसे बाद दो पुराने पड़ोसी दोस्त मिले। एक-दूसरे का हालचाल पूछने पर मालूम हुआ कि दोनों शादी कर चुके हैं।

पहला उत्सुकतावश बोला- कैसी है तुम्हारी पत्नी?

दूसरे ने चहककर बताया- मेरी पत्नी का क्या कहना यार! वो तो स्वर्ग की अप्सरा है अप्सरा...!

पहला मायूस होकर दबे स्वर में बोला- खुशकिस्मत हो भाई! मेरी तो अभी जिंदा है....।

□ □ □

बहुत दिनों के बाद पुराने मित्रों का मिलन हुआ। रमेश ने पूछा- तुम्हारी उस प्रेमिका का क्या हुआ, जिसके तुम बहुत बड़े आशिक हुआ करते थे, उस जमाने में।

नरेश- कुछ खास नहीं! उसकी माँग इतनी बड़ी थी कि मुझे उससे रिश्ता तोड़ना पड़ा।

रमेश- अच्छा! लेकिन तुम्हारी प्रेमिका की माँग क्या थी?


नरेश- तुमसे शादी करने की।

□ □ □

एक बच्चाा तालाब में डूब रहा था। सभी देख रहे थे। किसी में हिम्मत न थी कि बच्चो को बचा लाए। तभी एक साहब ने छलांग लगा दी और बच्चो को बचा लिया। दर्शकों में से एक बोला - बडी हिम्मत की आपने ।

वह व्यक्ति बोला - हिम्मत की ऐसी-तैसी, पहले यह बताओ, मुझे धक्का किसने दिया था ?

## फिल्म वर्ग पहेली- 3727



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आओ' गीत वाली संजय दत्त, आफताभ, नंदिता दास की फिल्म-२
२. अमिताभ, अमजद, नीतूसिंह की 'सारा जमाना हसीनों का' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दो दिवाने शहर में' गीत वाली अमोल पालेकर, जरीना वहाब की फिल्म-३
४. नसीरूद्दीनशाह, जैकी श्रॉफ, नगमा की 'मैं प्यासी नदिया' गीत वाली फिल्म-२
५. 'लिखे जो खत तुझे वो तेरी' गीत वाली शशिकपूर, आशा पारेख की फिल्म-४
७. मनोजकुमार, आशा पारेख की 'लो आ गई उन की याद' गीत वाली फिल्म-१,३
९. 'दो नैनों में आँसू भरे हैं' गीत वाली जीतेंद्र, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
११. जॉय मुखर्जी, माला, शर्मिलाकी 'वो हसीन दर्द देदो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'इस सो पहले कि याद तू आए' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१५. 'परिचय' में जीतेंद्र की नायिका ?-२
१६. करण दीवान, स्वर्णलता की 'जब तुम ही चले परदेस' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तन मन धन सब है' गीत वाली संजीवकुमार, लीना की फिल्म-४
२२. गुरूदत्त, शकीला, श्यामा की 'बाबू जी धीरे चलना' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. रेखा, दिलीपकुमार, ममता की फिल्म-२
२४. शाहरूख, विवेक मुशरान, जूही की 'अपुन की लाइफ' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'तेरे प्यार का' गीत वाली आफताब शिवदासनी, युक्ता मुखी की फिल्म-२


**बायें से दायें:-**

१. 'ये जीवन है इस जीवन का यही है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. राकेश रोशन, शत्रुघ्न सिन्हा, रीनाराय, रंजीता की फिल्म-४
६. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'ऐसा कोई जिंदगी में' गीत वाली फिल्म-२
८. राजकिरण, जावेद खान की फिल्म-३
१०. 'है ना बोलो' गीत वाली फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, निम्मी की फिल्म-३
१४. 'देख सकता हूँ मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-४
१७. अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१९. 'आई जो तेरी याद' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'तक्षक' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२१. शाहरूख, प्रियंका की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीतवाली फिल्म-२
२२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, जैकी, शत्रुघ्न, रवीना, लारा की फिल्म-२
२३. धर्मेन्द्र, जीतेंद्र, हेमा की फिल्म-३
२५. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२६. फिरोज, संजय, मुमताज की 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'झोंपडी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२९. राजकपूर (डबल रोल), नर्गिस की 'आ जाने बहार' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'फूल मांगूं ना बहार मांगूं' गीत वाली फिल्म-२
३१. कमल हासन, सनी, डिम्पल की फिल्म-३
३२. फिल्म 'तपस्या' की नायिका ?-२
३३. अभिनेत्री 'मनीषा कोइराला' किस देश की रहने वाली है-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3726



## सूडोकु -3727




- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु -3726 का हल



## शब्द पहेली - 3727



**बाएँ से दाएँ**

1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

शब्द पहेली -3726 का हल



# नोएडा में खुला जंगल ट्रेल पार्क

## जिप साइकिलिंग कर पाएंगे, एंट्री के लिए 118 रुपए देने होंगे






**नोएडा।** नोएडा में सोमवार से जंगल ट्रेल पार्क पब्लिक के लिए खोल दिया गया। ये पार्क सेक्टर-95 में महामाया फ्लाईओवर और ओखला पक्षी विहार के बीच में स्थित है। विधायक पंकज सिंह ने इसका उद्घाटन किया। यहां करीब 650 जानवरों की आकृतियां लगाई गई हैं। यहां बच्चों के लिए एम्युजमेंट पार्क , बोटिंग के अलावा नाइट सफारी भी है।

### सिक्योरिटी के लिए पार्क में सीसीटीवी कैमरे लगाए

पार्क के दो हिस्सों को जोड़ने के लिए अंडरपास भी बनाया गया है। यहां कैफेटेरिया भी बनाया गया है। इसके अलावा सिक्यूरिटी के लिए पूरे पार्क में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। जिस भी जानवर के सामने जाएंगे उसकी आवाज वहां सुनने को मिलेगी। जानवर के बारे में पूरी जानकारी भी दी गई है।

### एंट्री के लिए 118 रुपए देने होंगे

इस पार्क को पीपीपी मॉडल पर बनाया गया है। लोग इस पार्क में महामाया फ्लाईओवर के नीचे बने गेट से प्रवेश कर सकेंगे। नोएडा जंगल ट्रेल पार्क में प्रवेश के लिए 118 रुपए देने होंगे। पार्क में पहुंचने पर ऑनलाइन या नगद, दोनों तरह से प्रवेश शुल्क का भुगतान कर सकेंगे।

### पार्क में ये होंगी एक्टिविटी

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि यहां पर एडवेंचर भी किया जा सकेगा। इसके लिए जंगल की एक्टिविटी को भी शामिल किया गया है जैसे रॉक क्लाइंबिंग, जिप लाइन, जिप साइकलिंग के अलावा और अधिक एडवेंचर गेम्स को जंगल ट्रेल में शामिल किया गया है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने बताया कि सोमवार से पार्क को लोगों के लिए खोल दिया जाएगा।

### 18.27 एकड़ में बनाया गया पार्क

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि जून 2024 में पीपीपी मॉडल पर पार्क का निर्माण शुरू हुआ था। प्राधिकरण यह पार्क करीब 18.27 एकड़ में बनाया गया है। यहां पार्क के अंदर कबाड़ से बने डायनासोर, गैंडा, मगरमच्छ, अजगर, बंदर की आकृतियां लगाई गई हैं। इसके साथ ही छोटी आकृतियों में सुंदर-सुंदर चिड़ियां भी कबाड़ से बनाई गई है। पार्क में आने वाले लोग जंगल में सैर का लुत्फ भी उठा सकेंगे। इस पार्क को बनाने में करीब 25 करोड़ रुपए की लागत आई है।

### तीन जोन में बना है पार्क

पार्क को तीन जोन में बांटा गया है। पहला जोन-ए 4.05 एकड़ का है। इसमें पार्किंग, एम्फीथिएटर ( 1000 लोगों की क्षमता का), फूड कोर्ट और ऐग्जीबिशन एरिया है। यहां 8 बसों और 76 कारों की पार्किंग होगी। जोन-बी 8.77 एकड़ का बनाया जा रहा है। इसमें ट्रोपिकल रेन फारेस्ट , ग्रास लैंड , वेट लैंड को बनाया जा रहा है। तीसरा जोन-सी 5.45 एकड़ का है। इसमें आईस लैंड ओशियन, ट्रेमप्रेट फारेस्ट और पोलर रीजन होगा।

# शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग, 12 वर्षीय बच्चे को लगी गोली, दो गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के नगला चमरू गांव में रविवार देर रात शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में 12 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रात करीब 11 बजे की है। गोली बच्चे के सिर में लगी, जिससे वह मौके पर ही जमीन पर गिर पड़ा। परिजन और स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

बता दे कि घायल बच्चे की पहचान नगला चमरू के कृष के रूप में हुई है। वह बारात देखना घर से बाहर गया था। उसी दौरान बारात चढ़त के बीच किसी ने अचानक फायरिंग कर दी। गोली सीधा कृष के सिर में जाकर लगी। गोली लगते ही बारात में भगदड़ मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

बच्चे के पिता एक हलवाई का काम करते हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली जारचा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायरिंग के आरोप में दो लोगों को हिरासत में लिया है। एसीपी ग्रेटर नोएडा अजीत सिंह का कहना है कि मौके से साक्ष्य एकत्र कर लिए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बता दे कि वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए दो अभियुक्त अभिषेक पुत्र बिजेन्द्र गुर्जर कसाना, ओर ईशू कसाना पुत्र अशोक को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अभिषेक के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 लाइसेंसी पिस्टल मय 01 खोखा कारतूस व 02 जिंदा कारतूस व अभियुक्त ईशू कसाना के कब्जे से 01 अवैध तमंचा व नाल में फँसा हुआ 01 कारतूस .315 बोर बरामद किया गया है। घटना में प्रयुक्त पिस्टल शादी में निक्की पुत्र अमर सिंह द्वारा लाई गई थी। पिस्टल का लाइसेंस निक्की के पिता अमर सिंह के नाम पर है। उक्त पिस्टल को निक्की अपने साथ लेकर आया था और उसने फायरिंग करने के लिए इसे अभिषेक को दिया। अभिषेक द्वारा की गई फायरिंग के दौरान बच्चे को गोली लग गई। अभियुक्त निक्की की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

# शार्ट न्यूज

### कार ने बीएलओ की बाइक को टक्कर मारी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में रविवार रात एक सड़क हादसे में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) गंभीर रूप से घायल हो गए। खुर्जा रोड पर उनकी बाइक को एक कार ने पीछे से टक्कर मार दी। घायल बीएलओ को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना जेवर के गांव चांचली में हुई। गांव स्थित जूनियर हाईस्कूल के इंचार्ज आशू ऐरन रविवार को एसआईआर की ड्यूटी करके घर लौट रहे थे। जेवर-खुर्जा रोड पर मोहबलीपुर मोड़ के समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आशू ऐरन को गंभीर चोटें आई। उन्हें तुरंत जेवर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके हाथ में फ्रैक्चर है, जिसके लिए डॉक्टर सोमवार को ऑपरेशन करेंगे। हादसे की सूचना मिलने पर एसडीएम जेवर अभय कुमार सिंह और एबीएसए मोहम्मद राशिद खान अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल बीएलओ से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। एसडीएम अभय कुमार सिंह ने बताया कि घायल बीएलओ के उपचार का खर्च सरकार वहन करेगी। उन्होंने डॉक्टरों को उचित उपचार और देखभाल के निर्देश भी दिए।

### जमानत के लिए फर्जी कागजात पेश किए

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने बेटे को जेल से छुड़ाने के लिए फर्जी कागजात लगाकर जमानत देने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला को नोएडा सेक्टर-58 बिशनपुरा स्थित उसके घर से पकड़ा। आरोपी महिला ने बुलंदशहर के रहने वाले दो सगे भाइयों के दस्तावेज का इस्तेमाल किया। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार महिला की पहचान सेक्टर-58 बिशनपुरा गांव की रहने वाली समीना के रूप में हुई। समीना ने अपने बेटे रहीस को जमानत दिलाने के लिए फर्जी आधार कार्ड, भूमि खतौनी और अन्य दस्तावेज तैयार कराए। यह कागजात बुलंदशहर के दरियापुर गांव निवासी जगदीश और राजवीर के नाम से थे।राजवीर की पूर्व में मौत हो चुकी है। पुलिस ने जब जमानती का सत्यापन किया तो असलियत सामने आई। इस मामले में जगदीश ने न्यायालय के आदेश पर महिला समीना और फर्जी कागजात पर मुहर लगाने वाले लेखपाल और दरोगा के खिलाफ सूरजपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया था। कोतवाली प्रभारी ने मुकदमे में वांछित चल रही महिला समीना को गिरफ्तार किया है।

### सोसाइटी में इमारत की मजबूती जांचने की मांग

**ग्रेटर नोएडा।** विक्ट्री वन सेंट्रल सोसाइटी के लोग बिल्डर द्वारा कार्य को पूरा न करने के कारण परेशान है। सोसाइटी में पार्किंग एरिया, एसटीपी सहित अन्य काम अधूरे पड़े हुए हैं। जिनको प्रबंधन द्वारा पूरा नहीं कराया जा रहा है। साथ ही लोगों ने प्राधिकरण से सोसाइटी में इमारत की मजबूती (स्ट्रक्चरल ऑडिट) की जांच कराने की भी मांग की है। सोसाइटी निवासी प्रशांत चौधरी ने बताया कि लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके लिए लोग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक भी थी, लेकिन अभी तक इसके ऊपर कोई पहल नहीं की गई है।विनोद ने बताया कि सोसाइटी में करीब 450 परिवार रहते हैं, जिन्हें मूलभूत सुविधाएं तक ठीक से नहीं मिल रही हैं। टावर की लॉबी का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, स्ट्रक्चरल ऑडिट करने की जरूरत है। सोसाइटी में जगह जगह से प्लास्टर हट रहा है। साथ ही कई पिलर में दरारें आ रही हैं। ऐसे में लोगों को अपनी सुरक्षा की चिंता सताती है। एसटीपी ठीक से कार्य नहीं करता है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी खराब पड़ा हुआ है। इनके अलावा और भी कई समस्याएं हैं। जिनके वजह से निवासियों को दिक्कत होती है। जिसके ऊपर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### नशे में युवक ने महिला बीएलओ से अभद्रता की

**नोएडा।** सेक्टर-12 स्थित प्राथमिक विद्यालय चौड़ा में एसआईआर का कार्य कर रहीं महिला बीएलओ से एक युवक द्वारा नशे में अभद्रता करने का मामला सामने आया है। गाली-गलौज कर रहे युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। बीएलएओ ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों को जानकारी देकर कार्रवाई की मांग की है। बीएलओ के ग्रुप पर वीडियो अपलोड करने वाली सहायक अध्यापिका लवली गुप्ता ने बताया कि वह सोमवार दोपहर बीएलओ साथियों के साथ विद्यालय में बैठकर एसआईआर का कार्य कर रही थीं, तभी एक युवक शराब के नशे में आया। उसके साथ एक व्यक्ति भी था। आरोप है कि उस युवक ने शराब पी रखी थी।नशे में वह जबरन अपना वोट बनाने के लिए दबाव बनाने लगा। बीएलओ बनीं महिला शिक्षिकाओं ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। महिला शिक्षिका ने आरोपी की हरकतों को मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया। 44 सेकेंड के वीडियो में आरोपी खुद को स्थानीय होने और स्कूल को अपनी जमीन पर बना होने का दावा कर रहा है। यह कहते हुए शिक्षिकाओं को धमका रहा है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** एलजी गोलचक्कर के समीप बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो सवारियां घायल हो गईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नॉलेज पार्क थाने की पुलिस के मुताबिक दादरी की दौलत राम कॉलोनी में जगबीर सिंह परिवार के साथ रहते थे। वह ग्रेटर नोएडा में ऑटो चलाते थे। जगबीर सिंह की बेटी एकता कुमारी ने पुलिस को बताया कि उनके पिता 27 नवंबर को ऑटो में सवारी लेकर सूरजपुर की तरफ आ रहे थे।एलजी गोलचक्कर के समीप बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में जगबीर सिंह की मौत हो गई, जबकि दो सवारियां घायल हो गईं। दोनों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जगबीर सिंह की बेटी की शिकायत पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# जेवर एयरपोर्ट उद्घाटन की तारीख तय नहीं

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए अभी इंतजार करना होगा। एयरपोर्ट के लिए एरोड्रम लाइसेंस मिलने का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।

वर्तमान में एयरपोर्ट पर फिनिशिंग का कार्य चल रहा है, जिसके जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ और नायल के चेयरमैन राकेश कुमार सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट निर्माण का बचा हुआ कार्य तेजी से चल रहा है ताकि इसे समय पर पूरा किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि एरोड्रम लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है।

एक बार लाइसेंस मिल जाने के बाद ही एयरपोर्ट के लोकार्पण की आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

अभी तक उद्घाटन की कोई निश्चित तारीख तय नहीं की गई है। गौरतलब की अभी कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेवर एयरपोर्ट का दौरा किया था और वहां पर उनके द्वारा चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया था।

# नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने लिया बड़ा एक्शन

## आईजीआरएस का निवारण नहीं करने पर ओएसडी और जीएम स्तर के 8 अधिकारियों का रोका वेतन

**नोएडा।** एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के मामलों में समय पर और गुणवत्ता पूर्ण निवारण में लापरवाही बरतने पर सीईओ ने आठ विभागाध्यक्षों व वरिष्ठ अधिकारियों का वेतन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।

यह निर्णय उन विभागों के संदर्भ में लिया गया। जिनके पास 12 से अधिक आईजीआरएस पेंडिंग है और उन्हें डिफॉल्टर घोषित किया गया है। बार-बार निर्देशों के बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा इन महत्वपूर्ण जन शिकायतों का समय पर निवारण नहीं किया गया। इसे अंत में आपत्तिजनक माना और एक्शन लिया गया। जिन पर एक्शन लिया गया उनमें प्राधिकरण के ओएसडी , महाप्रबंधक तक शामिल है। इसके अलावा मास्टर प्लान रोड नंबर-1 पर सेक्टर 4 में गंदगी पाए जाने के कारण सुपरवाइजर विवेक का एक महीने का वेतन रोका गया है।




### इन अधिकारियों पर लिया एक्शन

क्रांति शेखर सिंह विशेष कार्याधिकारी (ग्रुप हाउसिंग)
अरविन्द कुमार सिंह विशेष कार्याधिकारी (भू लेख)
एके अरोड़ा महाप्रबंधक (सिविल)
एसपी सिंह महाप्रबंधक (सिविल)
आरपी सिंह महाप्रबंधक (जल)
मीना भार्गव महाप्रबंधक (नियोजन)
प्रिया सिंह सहायक महाप्रबंधक (औद्योगिक)
संजीव कुमार बेदी सहायक महाप्रबंधक (आवासीय भूखंड)

# नोएडा में एलपीजी सिलेंडर से भरा टैंपो पलटा

## चालक घायल, ब्लास्ट या लीकेज नहीं; हाईस्पीड बनी वजह

**नोएडा।** नोएडा के भंगेल एलिवेटेड पर दोपहर को एक टैंपो पलट गया। वाहन में एलपीजी गैस सिलेंडर भरा हुआ था।

तेज गति के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और टैंपो पलट गया। हालांकि, गनीमत रही कि पीछे रखे सिलेंडर न तो फटे और न ही लीकेज हुए, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

टैंपो का चालक घायल हो गया और उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को स्थिर बताया।

### यातायात हुआ प्रभावित

घटना के दौरान एलिवेटेड पर थोड़ी देर के लिए यातायात बाधित रहा।

टैंपो को साइड किया गया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका।



एलिवेटेड की अधिकतम गति 60 किमी/घंटा तय की गई है, और जल्द ही वहां सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

### स्थानीय लोगों की मदद

एलिवेटेड से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत सड़क पर उतरकर टैंपो को सीधा किया और सिलेंडर को सुरक्षित स्थान पर रख दिया। उनका यह प्रयास बड़े हादसे को रोकने में सहायक साबित हुआ।

घटना में चालक के अलावा किसी और को चोट नहीं लगी। अधिकारियों ने कहा कि एलिवेटेड के दोनों तरफ घनी आबादी होने के कारण नियमों का पालन और सुरक्षा उपायों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

# जिले के छह खिलाड़ियों ने नौ पदक जीते

**ग्रेटर नोएडा।** जिले के छह खिलाड़ी हैदराबाद में आयोजित आरएसएफआई राष्ट्रीय रस्सी कूद प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए एक स्वर्ण समेत नौ पदक जीतने में सफल रहे। प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 नवंबर तक किया गया। कोच सुनील ठाकुर ने बताया कि अंडर-17 बालिका वर्ग में ग्रेटर नोएडा की एनआरआई सिटी में रहने वाली यश्वी मावी ने एक स्वर्ण व एक रजत पदक जीता। वहीं सेक्टर सिग्मा-4 स्थित रॉयल अपार्टमेंट में रहने वाली योग्या वर्मा ने रजत पदक, जेपी ग्रीन्स निवासी गनिका महाजन ने दो रजत, सेक्टर ज्यू-1 निवासी अनिका शाक्य ने एक रजत व एक कांस्य पदक और अंडर-17 बालक वर्ग में पार्श्वनाथ प्लेटिनम सोसाइटी निवासी युवराज शर्मा ने एक रजत व एक कांस्य पदक जीता।

# जेवर के रामपुर बांगर में खुली 60 लाख की लाइब्रेरी

**जेवर।** जेवर क्षेत्र के ग्राम रामपुर बांगर में सोमवार को 60 लाख रुपये की लागत से बनने वाली लाइब्रेरी समेत कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने इन कार्यों का उद्घाटन किया। खास बात यह रही कि सभी परियोजनाओं की शुरुआत गांव की बच्चियों के हाथों कराई गई, जिससे ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला।

विधायक धीरेंद्र सिंह ने इसे 'बदलते हुए जेवर की नई सोच और नई दिशा' का प्रतीक बताया।

उन्होंने कहा कि विकास तभी सार्थक होता है जब समाज का हर वर्ग, विशेषकर बेटियां, उसमें सक्रिय भूमिका निभाएं। बच्चियों से कराए गए इस शुभारंभ ने यह संदेश दिया है कि ग्रामीण इलाकों में शिक्षा और प्रगति को लेकर जागरूकता बढ़ रही है।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित लाइब्रेरी गांव के युवाओं और छात्रों के लिए ज्ञान का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। इससे बच्चों को बेहतर अध्ययन माहौल मिलेगा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को भी इसका लाभ होगा।

इसके साथ शुरू हुए अन्य विकास कार्यों से गांव की बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा।

ग्रामीणों ने इन परियोजनाओं के लिए विधायक धीरेंद्र सिंह का आभार जताया।

उनका कहना है कि इन योजनाओं से गांव के विकास को नई दिशा मिलेगी और युवाओं को आगे बढ़ने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे।

# नोएडा प्राधिकरण बना सकता है एलिवेटेड की नीचे की रोड


## 5 किमी लंबी है सड़क, 25 करोड़ रुपए खर्च का अनुमान

**नोएडा।** भंगेल एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे बनने वाली 5.5 किमी लंबी सड़क को लेकर नोएडा प्राधिकरण और निर्माण एजेंसी यूपी स्टेट ब्रिज कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीच विवाद एक बार फिर गहरा गया है।

प्राधिकरण को ब्रिज कॉर्पोरेशन की ओर से एक पत्र मिला है, जिसमें एजेंसी ने साफ कहा है कि बकाया राशि न मिलने की स्थिति में वह नीचे की सड़क और अन्य शेष कार्य नहीं कर पाएगी। यह बकाया लगभग 150 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

प्राधिकरण ने ब्रिज कॉर्पोरेशन का पत्र प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए कहा कि यदि वे काम करने में असमर्थ हैं, तो प्राधिकरण बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखकर स्वयं सड़क का निर्माण कराएगा।

उन्होंने कहा कि भंगेल कॉरिडोर के नीचे की सड़क कई सेक्टरों के लिए महत्वपूर्ण है और इसकी खराब स्थिति से हजारों लोगों को रोज परेशानी झेलनी पड़ रही है। यदि प्राधिकरण निर्माण का जिम्मा अपने हाथ में लेता है, तो यह एग्रीमेंट की शर्तों के तहत होगा।



### 150 करोड़ रुपए अभी बकाया

ब्रिज कॉर्पोरेशन और प्राधिकरण के बीच यह वित्तीय विवाद एलिवेटेड रोड के पूरा होने के बाद से जारी है। छह-लेन का यह 5.5 किमी लंबा कॉरिडोर इसी साल अगस्त में औपचारिक रूप से हस्तांतरित किया गया था, लेकिन ब्रिज कॉर्पोरेशन का दावा है कि मूल्य वृद्धि, जीएसटी अंतर और देरी से भुगतान पर ब्याज जैसी मदों में करीब 150 करोड़ रुपए अभी भी बकाया हैं।

कई रिमाइंडर भेजने के बाद भी भुगतान न मिलने पर ब्रिज कॉर्पोरेशन ने पिछले साल नवंबर में एग्रीमेंट की धारा 34 के तहत मध्यस्थ नियुक्त करने की मांग की थी।

### बिना भुगतान नहीं करेगा निर्माण

एजेंसी का कहना है कि भुगतान के बिना वह सड़क, सर्विस रोड, ड्रेनेज चैनल जैसे महत्वपूर्ण कार्य पूरे नहीं कर सकती। उसने या तो इन दायित्वों से मुक्त करने या अतिरिक्त 25 करोड़ रुपए की मांग की है। ये पैसा मिलने के बाद ही वो निर्माण करेगा। ऐसे में प्राधिकरण सड़क का निर्माण खुद कर सकता है।

# ग्रेटर नोएडा से युवक 3 दिन से लापता

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित अस्तौली गांव से एक युवक पिछले तीन दिनों से लापता है। परिजनों ने बताया कि वह अपने दो दोस्तों के साथ घर से कार लेकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद परिजनों ने सोमवार को कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। गांव अस्तौली निवासी नारायण सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका 24 वर्षीय बेटा मनीष 29 नवंबर की सुबह 8 बजे घर से कार लेकर निकला था। वह गांव के दोस्त भारत और पतलाखेड़ा गांव निवासी बॉबी के साथ गया था। मनीष का फोन उसी दिन से स्विच ऑफ आ रहा है और उसका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने यह भी बताया कि मनीष के साथ गए उसके दोनों दोस्त भी उसी दिन से गायब हैं।

# नोएडा में मुठभेड़ के बाद 3 वाहन चोर गिरफ्तार

## 3 वाहन किए गए बरामद, सरेंडर करने को कहा- तो चला दी गोली

**नोएडा।** रैकी करने के बाद चार पहिया वाहनों की चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन बदमाशों से पुलिस की संयुक्त टीमों की सोमवार दोपहर फेज दो थानाक्षेत्र में मुठभेड़ हो गई।

गिरोह का सरगना गोली लगने से घायल हो गया। उसके दो साथियों को घेराबंदी कर दबोचा गया। तीनों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के तीन चार पहिया वाहन बरामद किए।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि 27 नवंबर को बदमाशों ने बिसरख निवासी एक व्यक्ति की कार पंचशील चौकी क्षेत्र से चोरी कर ली। वारदात को उस समय अंजाम दिया गया, जब कार चालक लघुशंका के लिए नीचे उतरा था।

मामला संज्ञान में आते ही वारदात करने वाले गिरोह के बदमाशों को दबोचने के लिए सीआरटी, सर्विलांस और फेज दो थाने की टीम को लगाया गया। रविवार दोपहर एक बजे के करीब टीम को इनपुट मिला कि कार चोरी की वारदात करने वाले बदमाश फिर से शहर में दाखिल हुए हैं।



### जान से मारने की नीयत से किया फायर

इसके बाद पुलिस टीम ने घेरेबंदी करनी शुरू कर दी। टीम जब सेक्टर-92 से बायोडायवर्सिटी पार्क की ओर जा रही थी, तभी बदमाश दिख गए। टीम ने जब घेराबंदी कर बदमाशों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा तो वे भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।

जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। उसके दो साथी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। हालांकि पुलिस टीम ने घेरेबंदी कर महज बीस मिनट के भीतर ही दोनों फरार आरोपियों को दबोच लिया।

# पुलिस ने महिलाओं व आमजन को किया जागरूक



**पीलीभीत।** जिले में महिलाओं की सुरक्षा और आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के लिए पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना अमरिया की मिशन शक्ति टीम ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी अहम जानकारियाँ प्रदान कीं। टीम ने महिला हेल्पलाइन 1090, 181, आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102/108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 समेत सभी आवश्यक नंबरों के उपयोग और महत्व को समझाया।इसी क्रम में थाना बरखेड़ा पुलिस ने कस्बा बरखेड़ा में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों से सचेत किया। पुलिस टीम ने गृह मंत्रालय की साइबर हेल्पलाइन 1930, साइबर अपराध पंजीकरण पोर्टल cybercrime.gov.in तथा जनपदीय साइबर हेल्पलाइन 7830182626 की जानकारी साझा की।

लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय भी विस्तार से बताए गए अज्ञात लिंक पर क्लिक न करना, किसी को ओटीपी, एटीएम पिन या पासवर्ड न बताना, सोशल मीडिया अकाउंट में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करना, फ़िशिंग कॉल और ईमेल से सावधान रहना तथा केवल सुरक्षित और प्रमाणित प्लेटफॉर्म पर ही ऑनलाइन भुगतान करना।

साथ ही सभी को सलाह दी गई कि बैंक या सरकारी अधिकारी बनकर आने वाली कॉल से सावधान रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करें।

बच्चों को साइबर बुलिंग और ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े जोखिमों के प्रति सजग करने पर भी जोर दिया गया।अमरिया और बरखेड़ा पुलिस के इस संयुक्त प्रयास को स्थानीय जनता ने सराहते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया।

## विधानसभा पीलीभीत में 4 व 5 दिसंबर को आयोजित होगी 'विधायक खेल स्पर्धा'

### आठ खेल विधाओं में खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा

**पीलीभीत।** विधानसभा क्षेत्र पीलीभीत में आठ प्रमुख खेल विधाओं में खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से 4 और 5 दिसंबर को 'विधायक खेल स्पर्धा' आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत आयोजित की जा रही है।जिलाधिकारी के कार्यालय से 18 अक्टूबर को जारी पत्र के अनुसार, विधानसभा क्षेत्र में उपलब्ध खिलाड़ियों के आधार पर एथलेटिक्स, वालीबॉल, कबड्डी, फुटबॉल, बैडमिंटन, कुश्ती, भारोत्तोलन और जूडो प्रतियोगिताएं कराई जाएँगी। इनमें सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर तीनों आयु वर्गों के बालक/पुरुष तथा बालिका/महिला वर्ग शामिल रहेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बीलसपुर में सुबह 8 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम का पहला दिन, 4 दिसंबर, एथलेटिक्स, वालीबॉल, कुश्ती और जूडो प्रतियोगिताओं के नाम रहेगा। वहीं 5 दिसंबर को कबड्डी, बैडमिंटन, फुटबॉल और भारोत्तोलन की स्पर्धाएँ होंगी। खिलाड़ियों को निर्देश दिया गया है कि वे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए युवा साथी पोर्टल पर नि:शुल्क पंजीकरण कराएं। पंजीकरण लिंक yuvasathi.in/sports-registration उपलब्ध है। अधिक जानकारी या किसी भी प्रकार की सहायता के लिए खिलाड़ी 9389235254 पर संपर्क कर सकते हैं।

# फौजी को सेना के हवलदार-दरोगा ने मार डाला

**प्रयागराज।** प्रयागराज में सेना के एक जवान को दरोगा और उसके साथियों ने पीट-पीटकर मार डाला। स्कॉर्पियो ओवरटेक करने को लेकर झगड़ा हुआ। इसके बाद दरोगा और उसके साथियों ने लोहे की रॉड से सेना के जवान को बुरी तरह से पीटना शुरू कर दिया। इसमें सेना का जवाल खून से लथपथ हो गया। इस बीच दरोगा और उसके साथी भाग गए।

सूचना पर पहुंचे घरवालों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने घायल जवान को सेना के अस्पताल भेज दिया। वहां इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। जवान के पिता की शिकायत पर दरोगा समेत 5 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

करछना के धरवारा गांव में रहने वाले विवेक सिंह (28) सेना के इंटेलिजेंस विभाग में दिल्ली में तैनात था। उसके पिता उमाकांत सिंह भी सेना से सूबेदार पद से रिटायर हुए हैं। विवेक 2 भाइयों में छोटे थे। 3 साल पहले ही उसकी शादी प्रतिभा से हुई थी।

# जिला गन्ना अधिकारी ने पूरनपुर मिल गेट का औचक निरीक्षण

## गन्ना तौल प्रक्रिया जांची, किसानों के सामने कराई ट्रॉली की तौल



**पीलीभीत।** जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने सोमवार को पूरनपुर चीनी मिल गेट का औचक निरीक्षण किया। मिल में 19 नवंबर से शुरू हुए पेराई सत्र में अब तक 2.30 लाख कुंतल गन्ने की पेराई हो चुकी है। 4013 किसानों को पर्चियां जारी की गई हैं, जिनमें 2044 छोटे किसान शामिल हैं। गन्ना अधिकारी ने मिल गेट पर दूसरे पक्ष की 12वें कॉलम की पर्चियों के आधार पर हो रही तौल प्रक्रिया की जांच की। इस दौरान किसान महेश कुमार की गन्ना लदी ट्रॉली का वजन किसानों की मौजूदगी में कराया गया। 5 कुंतल के मानक बाँट रखकर वेब्रिज का मिलान किया गया, जो सही पाया गया। उन्होंने बताया कि गन्ना आयुक्त के निर्देश पर छोटे किसानों को मिल शुरू होने के 45 दिन के भीतर पेड़ी गन्ने की पर्ची उपलब्ध कराई जाएगी। सट्टा नीति के अनुसार लघु महिला किसानों को पेड़ी पर्चियों में प्राथमिकता दी जाएगी। पौधा गन्ना होने पर पर्ची 7 से 9वें पक्ष में अंकित की जाएगी। 81 कुंतल बेसिक कोटा वाले किसान छोटे किसान श्रेणी में रखे गए हैं। निरीक्षण के दौरान किसानों से ताजा गन्ना लाने की अपील की गई। मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सचिव, प्रधान प्रबंधक, मुख्य गन्ना अधिकारी सहित मिल के अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर



**बीसलपुर।** बीसलपुर-शाहजहांपुर मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मौके पर जुटी भीड़ की सहायता से घायल को तत्काल नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की पहचान मिघौना निवासी 21 वर्षीय शिवम पुत्र सियाराम के रूप में हुई है, जो दवाइयां लेने बीसलपुर आ रहा था। जैसे ही वह किसान सहकारी चीनी मिल के निकट पहुंचा, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर दूर तक घसीटता चला गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना चीनी मिल चौकी पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रक व उसके चालक को घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और ट्रक चालक की लापरवाही स्पष्ट दिखाई दे रही है।

युवक के परिजनों के अस्पताल पहुंचने के बाद माहौल भावुक हो गया। डॉक्टरों ने बताया कि घायल की स्थिति गंभीर है और बेहतर उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।

## अमरोहा में भाई ने नर्स बहन का गला काट डाला

**अमरोहा।** अमरोहा में भाई ने प्रॉपर्टी विवाद में बहन की गला काटकर हत्या कर दी। पिता की मौत के बाद वह प्रॉपर्टी में हिस्से के तौर पर 6 बीघा जमीन मांग रही थी। भाई इसका विरोध कर रहा था। इसी बात को लेकर सोमवार को दोनों में झगड़ा हुआ। गुस्से में भाई धारदार हथियार लेकर आया और बहन पर हमला कर दिया। उसे गिराकर उसका गला काट डाला। मां नहाकर लौटीं तो लाश देखकर चीख पड़ीं। आरोपी भाई फरार हो गया था। आसपास के लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों और पड़ोसियों से मामले की जानकारी ली।

# सोनभद्र में लात-घूसों से पीट-पीटकर पत्नी की हत्या

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र के चपकी गांव में एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी 35 वर्षीय पत्नी की लात-घूसों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना रविवार रात की है, जब पति ने पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया और दरवाजा बंद कर चला गया। सोमवार सुबह पत्नी ने दम तोड़ दिया।

मृतका की पहचान उर्मिला के रूप में हुई है, जो आरोपी पति शंकर की पत्नी थी। शंकर ने रविवार रात अपनी पत्नी उर्मिला को लात-घूसों से बुरी तरह पीटा। पिटाई के बाद वह दरवाजा बंद कर दूसरे कमरे में चला गया। सुबह जब वह लौटा, तो उर्मिला मृत पाई गई। उर्मिला के दो बच्चे हैं।

जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच आए दिन पारिवारिक विवाद होता रहता था। इसी विवाद के चलते यह घटना हुई। 10 साल लड़की 6 साल लड़का है। पहली पत्नी से चार लड़के हैं।

मृतका के पिता राय सिंह, जो नधिरा के निवासी हैं, ने बताया कि 2019 में भी शंकर ने उर्मिला को मारकर कुएं में फेंक दिया था, लेकिन तब वह बच गई थी।

# पुलिस ने दो वांछित आरोपी को दबोचा, चोरी का सामान बरामद



**ललितपुर** । पूराकलाँ पुलिस ने चोरी में शामिल दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पूराकला पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-217/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस में वांछित अभि0गण एक अनिल पुत्र प्रकाश यादव उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम भैसनवाराकलां थाना पूराकला जनपद ललितपुर, दो सोनू पुत्र सियाराम राजपूत उम्र करीब 25 वर्ष नि0 ग्राम उगरपुर थाना पूराकला ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय पेश किया जा रहा है । गिरफ्तारी करने वाली टीम उ. नि. सत्यप्रकाश हे. का. अमित निरंजन का. भगवान सिंह आदि शामिल रहे।

## शादी में बीफ का काउंटर लगाने पर बवाल, मारपीट

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में एक दावत-ए-वलीमा (रिसेप्शन) कार्यक्रम में जमकर हंगामा हुआ। आरोप है कि यहां पर बीफ परोसा जा रहा था। उसके लिए अलग से काउंटर लगाए थे। रिसेप्शन में भाजपा नेताओं को भी आमंत्रित किया गया था। काउंटर पर बीफ का स्टिकर देखकर भाजपा नेता और जवां नगर पंचायत अध्यक्ष के बेटे आकाश ने विरोध किया। पुलिस को सूचना देने के बाद काउंटर का वीडियो बनाने लगा। यह देखकर कैटरिंग के काम में लगे कर्मचारी भड़क गए। वीडियो बनाने का विरोध करने लगे। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बहस करने लगे। देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। दोनों तरफ से जमकर लात-घूसे चले।

# एसपी ने किया पुलिस कार्यालय का निरीक्षण



**ललितपुर।** एसपी ने पुलिस कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा पुलिस कार्यालय ललितपुर स्थित वाचक कार्यालय,प्रधान लिपिक शाखा,शिकायत प्रकोष्ठ,आंकिक शाखा,रिकार्ड रूम आदि का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

वाचक कार्यालय के क्रियाशील अपराधी रजिस्टर, टॉप-10 रजिस्टर, भूमाफिया रजिस्टर, फ्लाई शीट व H.S. रजिस्टर,शस्त्र अभिलेखों आदि को चेक किया गया जिनका रखरखाव संतोष जनक व अध्यावधिक पाया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

प्रधान लिपिक शाखा का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान लम्बित प्रचलित प्रारम्भिक जाचों की समीक्षा की गयी तथा लम्बित प्रारंभिक जाँचों के समय से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

पेन्शन प्रकरण एवं सेवायोजन सम्बन्धी प्रकरणों में समय से निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया पुलिस कर्मियों के चरित्र पंजिकाओं को देखा गया एव सम्बन्धित को दण्ड व रिवार्ड मिलने पर चरित्रपंजिकाओं में समय से अंकन किये जाने एव व्यवस्थित रूप से रखरखाव रखने हेतु निर्देशित किया गया ।

आई0जी0आर0एस0 सेल में रजिस्टर को चैक कर आईजीआरएस प्रभारी को निर्देशित किया गया कि आइ0जी0आर0एस0 शासन की एक महत्वाकांछी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराना है।

# यातायात माह का समापन, 7772 वाहनों के चालान, एक करोड़ 18 लाख का जुर्माना

## एसपी ने यातायात सुरक्षा माह का समापन, पर बांटे हेलमेट



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में माह नवम्बर में यातायात जागरूकता अभियान दिनांक 01. नवम्बर से 30. नवम्बर तक चलाया गया था ?।

01. दिसंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा यातायात माह नवम्बर का समापन किया गया । समापन अवसर के दौरान महोदय द्वारा दो पहिया वाहन सवार महिलाओं/पुरुषों को हेलमेट बांटकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया । जागरूकता के दौरान महोदय द्वारा लोगो को निम्न बिन्दुओं से अवगत कराया गया । दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगायें। दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी बैठकर ना चलें। बिना नंबर प्लेट के वाहन ना चलायें। नशे की हालत में वाहन ना चलायें।वाहन को ओवर स्पीड से ना चलायें। सड़क पर सदैव अपनी बायीं दिशा में चलें। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। चार पहिया वाहन (कार) चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें । वाहनो में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करे । नाबालिग को वाहन न चलाने दें । समापन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ललितपुर, यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे ।यातायात माह नवम्बर के दौरान कृत कार्यवाही का विवरण निम्नवत है।

## भाई की शादी के दिन बहन की मौत

**झांसी।** झांसी में चचेरे भाई की शादी के दिन बहन की एक्सीडेंट में मौत हो गई। वह स्कूटी से लहंगा लेने के लिए दुकान पर जा रही थी। आधे रास्ते पहुंची थी तभी बेकाबू ट्रैक्टर ने स्कूटी को कुचल दिया। हादसे में युवती की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। युवती जो लहंगा लेने जा रही थी, वही शादी में पहनने वाली थी। हादसे में स्कूटी के आगे का हिस्सा पूरी तरह से खत्म हो गया। पुलिस सीसीटीवी की मदद से फरार आरोपी ड्राइवर और ट्रैक्टर की तलाश में जुटी है। घटना रविवार दोपहर चिरगांव कस्बे में पूजा ट्रॉली शॉप के पास हुई। चिरगांव थाना क्षेत्र के नंदसिया गांव की रहने वाली उजाला (22) सुरेंद्र वंशकार की इकलौती बेटी थी। पिता सुरेंद्र ने बताया- उजाला बीए फाइनल के बाद कंप्यूटर की कोचिंग कर रही थी। रविवार को भांडेर में मेरे भतीजे की शादी थी। इसमें पूरे परिवार को शामिल होना था।

# फ्लाईओवर से 30 फीट नीचे गिरी कार, पिता की मौतः बेटा घायल

एजेंसी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में 100 की स्पीड में चल रही कार रेलिंग तोड़ते हुए फ्लाईओवर से नीचे गिर गई।

हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल है। 30 फीट नीचे गिरने के बाद कार बुरी तरह डैमेज हो गई। चीख-पुकार सुनकर राहगीर पहुंचे और बाप-बेटे को किसी तरह बाहर निकाला।

हादसे की सूचना पर यूपी-112 की टीम मौके पर पहुंची। राहगीरों की मदद से दोनों को यशोदा अस्पताल ले जाया गया। यहां गंभीर रूप से घायल पिता को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, उनके बेटे प्रिंस का इलाज चल रहा है।

हादसा हापुड़ रोड पर सिहानी गेट थाने के सामने तड़के 3.15 बजे हुआ। मृतक की पहचान मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के जागृति विहार निवासी राकेश सिंह के रूप में हुई है।

### बेटा ड्राइव कर रहा था, पिता आगे बैठे थे

कार को प्रिंस चला रहे थे, जबकि उनके पिता राकेश सिंह आगे की सीट पर बैठे थे।

पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि फ्लाईओवर पर झपकी आने से कार का बैलेंस बिगड़ा। उस वक्त कार की स्पीड करीब 100 किमी प्रति घंटा रही होगी।

इसके बाद कार कंट्रोल नहीं हुई और रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कार जिस साइड जमीन पर गिरी थी, उसी ओर राकेश सिंह दबे थे। उन्हें दूसरी विंडो से निकाला गया। एक एयरबैग खुला मिला।

# शार्ट न्यूज

## विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली निकली छात्र-छात्राओं ने एचआईवी रोकथाम का संदेश दिया



**पीलीभीत।** विश्व एड्स दिवस पर सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई। जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और बैनर-पोस्टरों के माध्यम से एचआईवी/एड्स से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया। बताया गया कि हर वर्ष 1 दिसंबर को एड्स दिवस मनाने का उद्देश्य संक्रमण की रोकथाम और इसके प्रति जनमानस में जागरूकता बढ़ाना है ।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम, मुख्य चिकित्साधिकारी और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के मामले में एक वांछित आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** पुलिस ने दुष्कर्म के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 1377/2025 धारा 64(1)/352/308(5)/351(3) बीएनएस के अभियोग में वाँछित अभियुक्त एक दीपेश उर्फ लकी परिहार पुत्र अवधेश उम्र करीब- 24 वर्ष नि0 ग्राम बछराउली थाना बार जनपद ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम निरीक्षक अरविन्द कुमार कां. दीपेन्द्र कुमार आदि शामिल रहे।

## एससी एसटी मामले का वांछित गिरफ्तार

**ललितपुर।** सौजना पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के तहत वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे जनपद मे अपराध की रोकथाम व गैर जमानती अपराधियो व वारण्टियो की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिहं व क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण मे थाना स्थानीय पर बाँछित वारण्टी/अभियुक्त की तलाश हेतु थानाध्यक्ष अजयपाल थाना सौजना के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया। इसी क्रम मे गठित टीमो के द्वारा थाना क्षेत्र मे तलाश वांछित अपराधी हेतु भ्रमणशील के दौरान एक वारण्टी अभि0 - डी0जे0 कुशवाहा उर्फ गोपाल पुत्र दिबिया कुशवाहा उम्र करीब 35 वर्ष नि0 ग्राम ग्राम छापछौल थाना सौजना ललितपुर सम्बन्धित सेशन केस स0 45/19 धारा 323/504/325 आईपीसी 3 (1) द, ध sc/st Act थाना सौजना माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश एक्ट ललितपुर नियत 01.12.2025 को गिरफ्तार कर वारण्टी/अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश एक्ट ललितपुर के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष अजयपाल उ. नि. प्रवीण गिरि हे. का. वृजविहारी सेंगर आदि शामिल रहे।

## आगरा में 2 एमबीबीएस छात्रों की मौत

**आगरा** । आगरा में सड़क हादसे में 2 एमबीबीएस छात्रों की मौत हो गई। दोनों बाइक से दोस्त के घर गए थे। वापस लौटते समय हादसा हो गया। फ्लाईओवर से उतरते समय तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। आशंका है कि किसी वाहन की टक्कर की वजह से बाइक बेकाबू हुई। मृतकों की पहचान हरदोई के तनिष्क गर्ग (22) और कमला नगर (आगरा) के विमल वाटिका के रहने वाले सिद्ध अग्रवाल (22) के रूप में हुई। दोनों एसएन मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस थर्ड ईयर की पढ़ाई कर रहे थे। उन्होंने 2022 में एडमिशन लिया था। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों उछलकर 10 फीट दूर गिरे। दोनों के सिर डिवाइडर से टकरा गए। हेलमेट फट गया। दोनों सड़क पर खून से लथपथ पड़े रहे। दोनों करीब एक घंटे तक तड़पते रहे, लेकिन कोई मदद के लिए नहीं आया। फिर वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। यहां से उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही साथी छात्रों की भीड़ जमा हो गई। परिवार को भी बुलाया गया। मौके पर चीख-पुकार मच गई।

## बेटी चीख कर बोली-पापा ने मम्मी को मार दिया

**यमुनानगर।** छह साल पहले प्यार की कसमें खाकर शादी करने वाला पति अपनी पत्नी का कातिल बन गया। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर निवासी बबलू सिंह ने अपनी 28 वर्षीय पत्नी हुस्ना उर्फ गुड्डी की चुन्नी से गला घोंटकर निर्मम हत्या कर दी। मामला 4 मार्च 2023 का है जब यमुनानगर के गांव कामी माजरा में किराए के मकान में हुस्ना की लाश मिली थी। करीब तीन साल बाद आज यानी सोमवार को जगाधरी की विशेष अदालत ने पति बबलू सिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। घटना वाले दिन सुबह करीब 5 बजे पांच वर्षीय मासूम बेटी भूरी घर से बाहर निकली और रोते-चीखते चिल्लाने लगी - पापा ने मम्मी को मार दिया! आस-पड़ोस के लोग दौड़े तो कमरे में हुस्ना का शव पड़ा था। गले में चुन्नी का फंदा कसा हुआ था और गहरे निशान साफ दिख रहे थे। दूसरा बच्चा तीन साल का बेटा काशी भी कमरे में ही था। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर के कुचा पुवायां निवासी बबलू ने छह साल पहले पुवायां आनंद वाटिका मोहल्ला निवासी हुसना उर्फ गुड्डी (28) से लव मैरिज की थी। शादी के बाद दोनों सदर थाना क्षेत्र के गांव कामी माजरा में किराये के कमरों में आकर रहने लगे थे।

## नहर पुलिया के नीचे मिला युवक का शव

**रायबरेली।** रायबरेली के बछरावां थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम देवइया नहर पुलिया के नीचे एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम करीब 4 बजे कुछ ग्रामीण देवइया नहर पुलिया के पास से गुजर रहे थे। उन्हें दुर्गंध महसूस हुई। पुलिया के नीचे देखने पर उन्हें एक युवक का शव दिखाई दिया, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बछरावां थाना प्रभारी राजीव सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुलाया और घटनास्थल पर जांच पड़ताल शुरू की। मृतक की शिनाख्त अभिषेक यादव (30 वर्ष) पुत्र राम कृपाल यादव, निवासी जगन्नाथपुर, मजरे सूरजपुर, थाना शिवगढ़ के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि अभिषेक एक दवा कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) का काम करता था और नशे का आदी था। दो महीने पहले उसे लखनऊ स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। परिजनों को यह जानकारी नहीं है कि अभिषेक नशा मुक्ति केंद्र से यहां कैसे पहुंचा। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि पुलिस हत्या, आत्महत्या या स्वाभाविक मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी है।

## नेशनल गार्ड पर हमला करने वाला अफगानी अमेरिका पहुंचकर बना कट्टरपंथी

**–यह दावा होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने एक इंटरव्यू में किया**



वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका में नेशनल गार्ड के दो जवानों पर हुए हमले की जांच अब एक नए मोड़ पर पहुंच गई है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि आरोपी रहमनुल्लाह लकानवाल की कट्टरपंथी सोच अफगानिस्तान में नहीं, बल्कि अमेरिका आने के बाद विकसित हुई। यह दावा खुद होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने एक इंटरव्यू में किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 29 साल का लकानवाल पर आरोप है कि उसने व्हाइट हाउस के पास नेशनल गार्ड के दो सैनिकों पर फायरिंग की। इस हमले में 20 साल की सारा बेकस्ट्रॉम की मौत हो गई और 24 साल के एंड्र्यू वोल्फ गंभीर रूप से घायल हैं जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस घटना ने अमेरिका की राजनीति में बवाल खड़ा कर दिया। वहीं सवाल उठ रहा है कि क्या अब अमेरिका के अंदर ही अब बड़े खतरे पैदा हो रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक क्रिस्टी नोएम ने कहा कि शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि लकानवाल वॉशिंगटन स्टेट में रहने के दौरान कट्टरपंथी नेटवर्क के संपर्क में आया। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि उसकी सोच अमेरिका आने के बाद बदल गई। हम उसके परिवार और समुदाय से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। लकानवाल 2021 में उस समय अमेरिका आया था, जब बाइडेन प्रशासन ने तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान में अमेरिकी सहयोगियों को बड़े पैमाने पर निकाला था। हालांकि उसे अप्रैल में शरण ट्रंप प्रशासन ने मंजूर की थी। क्रिस्टी नोएम ने चेतावनी दी कि जो भी व्यक्ति हमले से संबंधित जानकारी छिपाएगा या सहयोग नहीं करेगा, उसके खिलाफ भी अमेरिकी प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। अमेरिका ने सभी असाइलम एप्लिकेशंस यानी शरण की प्रक्रिया रोक दी है। सरकार ने संकेत दिए हैं कि पेंडिंग असाइलम केस वाले लोगों को भी डिपोर्ट किया जा सकता है, अगर उन्हें खतरा माना गया। अमेरिका ने बाइडन प्रशासन में दिए गए सभी ग्रीनकार्ड की जांच शुरू कर दी है।

## बलूचिस्तान में 24 घंटे में सात धमाके, एफसी हेडक्वार्टर पर फिदायीन हमला

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में पिछले 24 घंटों में आतंकी गतिविधियों ने एक बार फिर खौफ पैदा कर दिया है। इस दौरान कम से कम सात बड़े विस्फोट हुए और नोकुंडी स्थित फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) के हेडक्वार्टर पर आत्मघाती फिदायीन हमला हुआ। हमलावर ने मुख्य गेट पर खुद को बम से उड़ा लिया, जिसके बाद सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच भयंकर गोलीबारी शुरू हो गई। एफसी बलूचिस्तान साउथ के अनुसार, विस्फोट के तुरंत बाद कम से कम छह हथियारबंद हमलावर परिसर में घुस आए। सुरक्षाबलों ने तत्काल जवाबी कार्रवाई शुरू की और अब तक तीन आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया है। एफसी के प्रवक्ता ने कहा, 卐हर कमरे की तलाशी ली जा रही है। जब तक आखिरी आतंकी को खत्म नहीं कर दिया जाता, ऑपरेशन जारी रहेगा। प्रशासन ने इस हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पर डाली है। इसी अवधि में बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा और डेरा मुराद जमाली भी निशाने पर रहे। क्वेटा में शनिवार को एक पुलिस चौकी पर हैंड ग्रेनेड फेंके गए। इसके कुछ देर बाद आतंकवाद-निरोधक विभाग (सीटीडी) की गाड़ी के पास शक्तिशाली विस्फोट हुआ। उसी दिन क्वेटा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर लगाए गए आईईडी में धमाका हुआ, जिससे पटरी क्षतिग्रस्त हो गई और क्वेटा आने-जाने वाली सभी ट्रेन सेवाएं निलंबित कर दी गईं। डेरा मुराद जमाली में गश्त कर रही पुलिस की गाड़ी पर भी ग्रेनेड से हमला किया गया। गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों से बलूचिस्तान में आतंकी और अलगाववादी हमले तेज हो गए हैं। हाल ही में पेशावर में एफसी परिसर पर हुए फिदायीन हमले में तीन लोग मारे गए थे, जबकि क्वेटा में पैरामिलिट्री कैंप के बाहर कार बम विस्फोट ने पूरे इलाके को हिला दिया था। कई हमलों की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने भी ली है।बलूचिस्तान में बढ़ती हिंसा ने एक बार फिर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की चुनौतियों को उजागर कर दिया है। प्रांत में टीटीपी के साथ-साथ बलूच विद्रोही संगठनों की गतिविधियां लगातार सिरदर्द बनी हुई हैं।

## मातम में डूबा हांगकांग, 146 लोग जिंदा जले, सवाल पूछने पर चीन ठोक रहा देशद्रोह का केस

ताई पो (एजेंसी)। हांगकांग के ताई पो जिले के वांग फुक कोर्ट कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लगी। इस दर्दनाक आग दुर्घटना में मरने वालों का आधिकारिक आंकड़ा 146 हो गया है, और अभी और शव मिलने की आशंका है। कई विदेशी नागरिक, जिसमें इंडोनेशिया के सात और फिलीपींस के एक नागरिक शामिल हैं, की भी मौत की पुष्टि हुई है। आग ने कॉम्प्लेक्स के आठ में से सात ब्लॉकों को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों का मानना है कि यह कोई हादसा नहीं, बल्कि रोकी जा सकने वाली आपदा थी और यह अन्यायपूर्ण सिस्टम का जहरीला फल है। हजारों लोगों ने घटनास्थल पर फूल चढ़ाए और श्रद्धांजलि दी।

इस हादसे ने हांगकांग के निर्माण क्षेत्र में भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है। अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से तीन पर गैर-इरादतन हत्या का आरोप है। एहतियात के तौर पर, शहर की 30 अन्य प्राइवेट कंस्ट्रक्शन साइट्स पर काम रोक दिया गया है। यूके के ग्रेनफेल टॉवर पीड़ितों का केस लड़ने वाले वकील इमरान खान ने आंतरिक जांच के बजाय पब्लिक इंक्वायरी (सार्वजनिक जाँच) की मांग की है।

# हमारा रोल शांति स्थापना का है, हमास को हथियार डालने पर मजबूर करना नहीं

**– पाकिस्तान सीजफायर के बाद गाजा में अपनी सेना भेजने को तैयार**

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान हमास-इजराइल के बीच सीजफायर के बाद गाजा में सेना भेजने को तैयार है। इसकी पुष्टि पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने की। उन्होंने कहा कि उनका देश अंतरराष्ट्रीय शांति मिशन के तहत गाजा में सुरक्षाबलों को तैनात करेगा, लेकिन पाकिस्तान सैनिक फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास को हथियार डालने पर मजबूर नहीं करेंगे। हम वहां शांति के लिए जा रहे हैं।



डार का ये बयान अमेरिकी मध्यस्थता वाले गाजा शांति समझौते पर चर्चा तेज होने के बीच आया है, जिसमें मुस्लिम बहुल देशों के सैनिकों से बने अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल की स्थापना का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि गाजा में सेना भेजने का फैसला पीएम शाहबाज ने फील्ड मार्शल से परामर्श के बाद लिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान केवल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्पष्ट रूप से परिभाषित आदेश के तहत ही सेना भेजेगा और पाकिस्तानी सेना हमास को निरस्त्र करने में कोई भूमिका नहीं निभाएगी। डार ने जोर देकर कहा कि हमास को निरस्त्र करने का मुद्दा पहले रियाद में दो-राज्य समाधान पर हुई बातचीत के दौरान उठा था। पाकिस्तान इस तरह के किसी भी प्रयास में भाग नहीं लेगा। हम इसके लिए तैयार नहीं हैं। हमारा रोल शांति स्थापना का है, न कि शांति लागू करने का। डार ने कहा कि पीएम शहबाज शरीफ ने सिद्धांत रूप से पाकिस्तान की भागीदारी पर सहमति दे दी है, लेकिन ये आईएसएफ के जनादेश और कार्यक्षेत्र के स्पष्ट होने पर निर्भर करेगा। इंडोनेशिया ने इस मिशन के लिए 20,000 सैनिकों की पेशकश की है। पिछले महीने अटकलें थीं कि पाकिस्तान को हमास को निरस्त्र करने की भूमिका सौंपी जा सकती है, जिससे देश में राजनीतिक विरोध पैदा हो गया था। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने तो सरकारी प्रवक्ता के इस तरह के बयानों को बेबुनियाद और अस्वीकार्य बताकर निंदा भी की थी।

दरअसल, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पिछले हफ्ते गाजा संघर्ष को खत्म करने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए एक अमेरिकी प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसमें आईएसएफ की तैनाती को भी अधिकार दिया गया था। पाकिस्तान समेत तेरह सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया, जबकि रूस और चीन ने मतदान से दूर रहे. हालांकि, हमास ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया और प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय बल की निंदा की थी।

## आज इस्लामाबाद हाईकोर्ट के बाहर इमरान के समर्थक करेंगे विरोध प्रदर्शन

**-प्रदर्शन के बाद पीटीआई सांसद पूर्व पीएम से मुलाकात करने जेल जाएंगे**

करांची। पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी के सभी सांसद इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के बाहर मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन करेंगे और अदियाला जेल में बंद अपने नेता की रिहाई की मांग करेंगे। पार्टी के एक शीर्ष नेता ने इसकी जानकारी दी।



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के सीएम सोहेल अफरीदी ने घोषणा की कि इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन के बाद पार्टी नेता इमरान खान से मुलाकात करने के लिए रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली जेल जाएंगे। बता दें इमरान खान 2023 से अदियाला जेल में बंद हैं। अफरीदी ने कहा है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान को 4 नवंबर से पूरी तरह से अलग-थलग रखा गया है और किसी को भी उनसे मिलने की अनुमति नहीं है। उन्होंने घोषणा की कि मंगलवार को सभी सांसद सबसे पहले इस्लामाबाद उच्च न्यायालय जाएंगे और अदालत के मुख्य न्यायाधीश के सामने कड़ा विरोध-प्रदर्शन करेंगे, क्योंकि उनके आदेशों के बावजूद सीएम को इमरान से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। अफरीदी ने कहा कि यह कोर्ट की स्पष्ट अवमानना ??है। हम इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में विरोध-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद पार्टी सांसद इमरान से मिलने अदियाला जेल जाएंगे।

## फांसी की सजा के बाद एक और मामले में शेख हसीना को 21 साल की कैद

**–स्पेशल कोर्ट ने जमीन घोटाला मामले में दोषी ठहराते हुए नई सजा सुनाई**

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम और अवामी लीग प्रमुख शेख हसीना को सोमवार को ढाका की एक विशेष कोर्ट से बड़ा झटका दिया। कोर्ट ने पुरबचल न्यू टाउन प्रोजेक्ट में प्लॉट आवंटन में अनियमितताओं से जुड़े बहुचर्चित जमीन घोटाला मामले में शेख हसीना को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।



इससे पहले इस साल नेशनल क्राइम ट्यूबनल ने हसीना को ÷क्राइम्स एगेन्स्ट ह्यूमैनिटी÷ के लिए फांसी की सजा सुनाई थी। और इसके कुछ दिन बाद ही ढाका की स्पेशल कोर्ट ने हाल ही में हसीना को तीन भ्रष्टाचार-मामलों में 21 साल की जेल की सजा सुनाई है। जमीन घोटाला मामले में अदालत ने कुल तीन लोगों को दोषी ठहराया। शेख हसीना, शेख रेहाना, तुलिप रिजवाना सिद्दीक। ये तीनों राजुक द्वारा किए गए प्लॉट आवंटन में अनियमितताओं के मामले में दोषी पाए गए। हसीना पहले से ही कई कानूनी चुनौतियों का सामना कर रही हैं। अब एक और मामले में दोषी ठहराया जाना उनकी राजनीतिक और कानूनी स्थिति को कमजोर करता है।

तुलिप सिद्दीक जो ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सांसद हैं उनका नाम इस फैसले में शामिल होने से यह मामला अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में आ गया। ब्रिटेन की राजनीति और मीडिया में भी इस पर चर्चा शुरू हो गई है। अवामी लीग के नेताओं ने इस फैसले को ÷राजनीतिक प्रतिशोध÷ बताया है। उनका कहना है कि विपक्षी सरकार हसीना परिवार को ÷कमजोर करने÷ की कोशिश कर रही है। जानकारों के मुताबिक शेख हसीना की कानूनी टीम उच्च अदालत में अपील दाखिल करेगी।

# एलन मस्क और कामत के पॉडकास्ट का टीजर सामने आते ही मची हलचल

**एक्स' के जुनून पर मस्क बोले- कभी-कभी सोचता हूं कि मेरे अंदर क्या गड़बड़ है**

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** टेस्ला के मालिक और दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क का पॉडकास्ट खूब चर्चा में है। मस्क के साथ जेरोधा के सह-संस्थापक और अरबपति निखिल कामत ने पॉडकास्ट किया। इस पॉडकास्ट का टीजर सामने आते ही सोशल मीडिया पर हलचल मच गई। कामत ने 96 सेकंड का नया ट्रेलर जारी किया, जिसमें दोनों के बीच हुई बातचीत और हल्के-फुल्के पलों की झलक देखने को मिली। वीडियो में दोनों कॉफी पीते और हंसते मुस्कुरात नजर आए, जिसके बाद कई यूजर्स ने यह सवाल तक कर दिया था कि क्या वाकई यह बातचीत सच में हुई है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक निखिल कामत को इस पॉडकास्ट में एलन मस्क की कद-काठी देखकर हैरानी जताते हुए भी देखा गया। वे मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'पहली बात जो मैं कहूंगा, आप जितना मैंने सोचा था उससे कहीं ज्यादा लंबे, भारी और मस्कुलर हैं। इस पर एलन मस्क मजाकिया अंदाज में जवाब देते हैं, 'ओह, बस कीजिएज् आप मुझे शर्मिंदा कर देंगे। दोनों इस पर खूबर हंसते हैं।

इस बातचीत में एक दिलचस्प पल तब आता है जब कामत ने मस्क से पूछा कि 'द मैट्रिक्स' फिल्म का कौन-सा किरदार वे निभाना पसंद करेंगे। इस पर मस्क कहते हैं, 'उम्मीद है कि एजेंट स्मिथ नहींज् वह मेरा हीरो है। कामत ने सवाल किया कि आखिर 'एक्स' के प्रति उनका ऐसा जुनून क्यों है, मस्क हंसते हुए कहते हैं, 'कभी-कभी मैं भी सोचता हूं कि मेरे अंदर क्या गड़बड़ है। जाहिर है, मस्क की कंपनियां एक्स, स्पेसएक्स और एक्सएआई सभी में इस अक्षर की झलक दिखती है।

टीजर के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। कई यूजर्स ने दोनों के बीच दिख रही 'केमिस्ट्री' को लेकर मजेदार कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा- जैसे ये एक-दूसरे को देख रहे हैंज्पूरा बिजनेस रोमांस लग रहा है। निखिल कामत का पॉडकास्ट पहले भी कई क्षेत्रों की बड़ी हस्तियों को एक साथ लाने के लिए चर्चित रहा है। इसके पिछले एपिसोड्स में बिल गेट्स, किरन मजूमदार-शॉ, रणबीर कपूर, नंदन नीलेकणी, कुमार बिड़ला, परप्लेक्सिटी एआई के अरविंद श्रीनिवास और वेंचर कैपिटलिस्ट विनोद खोसला शामिल हो चुके हैं। इस शो में पीएम मोदी भी गए हैं, जिनका इंटरव्यू इसी साल यूट्यूब पर जारी किया गया था।

## इजराइली पीएम नेतन्याहू भ्रष्टाचार में फंसे अब राष्ट्रपति से मांग रहे क्षमादान

**–कानूनी विशेषज्ञ बोले– यह क्षमादान का अनुरोध मुकदमे को नहीं रोक सकता**

**तेलअवीव (एजेंसी)।** गाजा समते कई देशों पर हमला करने वाले इजराइल के पीएम नेतन्याहू भ्रष्टाचार के मामलों में इस कदर घिर गए कि अब वह राष्ट्रपति से क्षमादान मांग रहे हैं। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मुकदमे पर रोक लगवाने के लिए उन्होंने राष्ट्रपति से माफी मांगी है। नेतन्याहू इजराइल के ऐसे पहले पीएम हैं जो कि मुकदमे के बावजूद पद पर मौजूद हैं। नेतन्याहू पर विश्वासघात, रिश्वत लेने और पैसे के बदले टेलीकॉम कंपनियों और हॉलिवुड प्रोड्यूसर से राजनीतिक समर्थन हासिल करने का आरोप है।



नेतन्याहू इन आरोपों को लेकर देश की न्याय व्यवस्था के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह अनुरोध क्षेत्र में अहम बदलावों के दौर में देश को एकजुट करने में मदद करेगा। हालांकि नेतन्याहू के विरोधियों ने तुरंत इसकी निंदा की और कहा कि इससे इजराइल की लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होंगी और यह खतरनाक संदेश जाएगा कि वह कानून के शासन से ऊपर हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि नेतन्याहू ने राष्ट्रपति से क्षमादान का अनुरोध किया है।

बेंजामिन नेतन्याहू पर तीन मुकदमे चल रहे हैं लेकिन उन्हें अब तक किसी भी मामले में दोषी नहीं करार दिया गया है। हालांकि इन मुकदमों से उनका करियर दांव पर लगा है। अगर किसी भी मामले में उन्हें दोषी पाया जाता है तो उन्हें तत्काल इस्तीफा देना पड़ सकता है। नेतन्याहू ने इस मामले की निंदा करते हुए इसे मीडिया, पुलिस और न्यायपालिका द्वारा साजिश के तहत निशाना बनाए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी कहा कि हफ्ते में तीन बार अदालत में पेश होने की उनकी अनिवार्यता एक ऐसा ध्यान भटकाने वाला कदम है जिससे उनके लिए देश का नेतृत्व करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि मुकदमे का जारी रहना हमें अंदर से तोड़ देता है, विभाजन करता है और दरार को और गहरा करता है। देश के कई अन्य लोगों की तरह, मुझे भी यकीन है कि मुकदमे के तुरंत निपटारे से सुलह को बढ़ावा मिलेगा, जिसकी हमारे देश को सख्त जरूरत है। हालांकि कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि क्षमादान का अनुरोध मुकदमे को नहीं रोक सकता।

नेतन्याहू के अनुरोध पर विपक्ष ने तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त की और राष्ट्रपति से उनके अनुरोध को नहीं मानने का आग्रह किया। विपक्षी नेता यायर लापिड ने कहा कि आप उन्हें अपराध स्वीकार किए बिना, पश्चाताप की अभिव्यक्ति के बिना और राजनीतिक जीवन से तत्काल संन्यास लिए बिना क्षमादान नहीं दे सकते हैं।

## इंडोनेशिया झेल रहा प्राकृतिक मार, बाढ़ और भूस्खलन से 400 से ज्यादा मौतें

**हजारों घर बहे, सैकड़ों गांव कटे और पूरे के पूरे इलाके मिट्टी में हो गए दफन**

**जकार्ता (एजेंसी)।** इंडोनेशिया इन दिनों प्राकृतिक कहर का सामना कर रहा है। करीब एक सप्ताह पहले आए ट्रॉपिकल साइक्लोन 'सिन्यार' ने सुमात्रा को ताबड़तोड़ बारिश, विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलनों में झोंक दिया। हजारों घर बह गए, सैकड़ों गांव कट गए और कई इलाके मिट्टी में दफन हो गए। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक अब तक 440 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जबकि कम से कम 400 लोग अभी भी लापता हैं, जिनमें से कई के मलबे में दबे होने की आशंका है।



मीडिया रिपोर्ट में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के हवाले से बताया गया है कि अचेह, नॉर्थ सुमात्रा और वेस्ट सुमात्रा सबसे गंभीर रूप से प्रभावित इलाका है। एजेंसी प्रमुख सुहार्यांतो ने चेतावनी दी कि सेंट्रल तापनूली और सिबोल्गा पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गए हैं। इन इलाकों तक न सड़क पहुंच रही है, न संचार, और न ही राहत। समुद्र और हवाई रास्तों से आपूर्ति की जा रही है, लेकिन कई गांवों तक किसी भी तरह की सहायता अब तक नहीं पहुंची है। हजारों लोग खाने और पानी के इंतजार में कई दिनों से फंसे हैं।

दुर्गम स्थितियों के बीच भयावह स्थिति है। सुमात्रा के कई इलाकों में लोगों ने भूख से मजबूर होकर दुकानों को तोड़ना शुरू कर दिया है। स्थानीय पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि लोगों को नहीं पता था कि सहायता आ रही है, उन्हें डर था कि वे भूख से मर जाएंगे। इसलिए उन्होंने दुकानों से खाना और पानी उठाना शुरू कर दिया। स्थिति गंभीर है। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बलों को तैनात किया गया है।

वेस्ट सुमात्रा की राजधानी पदांग से 100 किमी दूर सुनगई न्यालो गांव में पानी का बहाव भले ही कम हुआ हो, लेकिन अब पूरा गांव घुटनों तक मोटी, राख जैसी धूसर मिट्टी में दफन है। न घर बचा, न फसल, न वाहन। चारों तरफ सिर्फ खामोशी और विनाश नजर आ रहा है।

# न्यूजीलैंड में 459 भारतीय मूल के ड्राइवरों के लाइसेंस रद्द, कई परिवारों पर संकट

**– ऑडिट में पाया विदेशी लाइसेंस को बदलने की प्रक्रिया में हुई धोखाधड़ी**

**वेलिंग्टन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड में 459 भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवरों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। देशभर में भारी वाहनों के लाइसेंस बदलने में मिले फर्जीवाड़े के बाद न्यूजीलैंड ट्रांसपोर्ट एजेंसी ने कड़ा कदम उठाया। इसके चलते कई भारतीय परिवार आर्थिक संकट में फंस गए हैं और उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। न्यूजीलैंड ट्रांसपोर्ट एजेंसी के ऑडिट में पाया गया कि विदेशी लाइसेंस को न्यूजीलैंड के लाइसेंस में बदलने की प्रक्रिया में धोखाधड़ी हुई है। पहले 440 लाइसेंस रद्द हुए थे, अब यह संख्या बढ़कर 459 हो गई है। ये सभी रद्दीकरण 'झूठे या बदले हुए दस्तावेजों' के कारण हुए हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक रद्द किए गए लाइसेंस सभी विदेशी ड्राइवर भारत से हैं! इनमें से 436 मामलों में यूएई से, 18 ऑस्ट्रेलिया से और पांच कनाडा से जारी दस्तावेज से जुड़े हैं। इनमें से कोई भी मामला सीधे भारतीय लाइसेंस के इस्तेमाल से नहीं जुड़ा है, क्योंकि भारत जैसे गैर-छूट वाले देशों के लिए न्यूजीलैंड ट्रांसपोर्ट के नियमों के तहत पूरी तरह से टेस्टिंग जरूरी है।

रिपोर्ट के मुताबिक पहले न्यूजीलैंड में हजारों भारतीय ड्राइवरों ने ऑनलाइन 27-54 हजार रुपए देकर जाली 'सपोर्ट लेटर' खरीदे। ये लेटर दिखाकर उन्होंने आसानी से ड्राइविंग लाइसेंस और वीजा ले लिया। सरकार पहले इन्हें मान लेती थी, इसलिए सबका काम चल जाता था, लेकिन अब ऐसे जाली लेटर बिल्कुल अवैध माने जा रहे हैं। अब इन लेटर्स से मिला लाइसेंस और वीजा रद्द हो रहा है यानी वह पुराना आसान रास्ता अब हमेशा के लिए बंद।

इनमें ज्यादातर ड्राइवर 30-35 साल के हैं और उन्होंने थ्योरी और प्रैक्टिकल टेस्ट पास किया है। इसके अलावा सांसद परमजीत परमार ने न्यूजीलैंड के ट्रांसपोर्ट मंत्री साइमोन ब्राउन को पत्र लिखकर कहा है कि ये मेहनती प्रवासी हैं जिन्होंने न्यूजीलैंड के ट्रकिंग सेक्टर में ड्राइवरों की कमी पूरी की। सभी ड्राइवरों ने समाधान की मांग की ताकि उनके परिवारों को मदद मिल सके।

ऑकलैंड के ताकानिनी गुरुद्वारे में 22 नवंबर को भारतीय ट्रक ड्राइवर और उनके परिवार जमा हुए और न्याय की मांग की। इस दिन अमृतपाल सिंह ने कहा कि न्यूजीलैंड ट्रांसपोर्ट एजेंसी ने हमारी आमदनी छीन ली है और अब हम अपने बच्चों को कैसे पालेंगे? वहीं परमिंदर सिंह ने बताया कि वे अपने घर का किराया भी नहीं दे पा रहे हैं। इस मुद्दे पर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। बता दें न्यूजीलैंड में ट्रक चलाने वालों की कमी लंबे समय से बनी हुई है। 2022 में 3,449 ड्राइवरों की कमी थी। इस सेक्टर में भारतीय प्रवासियों की भूमिका बढ़ गई।



2025 की रिपोर्ट बताती है कि एशियाई ड्राइवर, जिनमें ज्यादातर भारतीय हैं अब ट्रकिंग इंडस्ट्री के 20फीसदी तक हैं।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के बाद केएल राहुल ने 'रो-को' की जोड़ी को सराहा, हर्षित राणा पर जताया भरोसा

**रांची (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका पर अपनी टीम की कड़ी जीत के बाद, भारतीय कप्तान केएल राहुल ने स्वीकार किया कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों को इतनी स्वतंत्रता के साथ क्रिकेट खेलते देखना मजेदार था और उन्होंने नई गेंद से तेज गेंदबाज हर्षित राणा के प्रदर्शन की भी सराहना की और उन्हें विशेष और संभावनाओं से भरपूर कहा। 'रो-को' का जश्न सिडनी में जहां से रुका था, वहीं से जारी रहा और रांची के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें विराट ने अपना 52वां वनडे शतक बनाया और रोहित ने सर्वाधिक वनडे छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा।

हर्षित राणा के नई गेंद के तेज स्पैल के बावजूद, प्रोटियाज टीम मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मार्को जेनसन और कॉर्बिन बॉश के अर्धशतकों की बदौलत 11/3 के खराब स्कोर से खेल में वापसी करने में सफल रही, लेकिन कुलदीप यादव के चौके की बदौलत वे जीत से 17 रन दूर रह गए। मैच के बाद बोलते हुए, केएल ने स्वीकार किया कि 350 रनों के इतने तनावपूर्ण बचाव के दौरान उनके पेट में कुछ घबराहट हो रही थी। उन्होंने कहा कि अगर मैं कहूँ कि बिल्कुल भी घबराहट नहीं हुई (दक्षिण अफ्रीका द्वारा पीछा किए जाने के दौरान कोई घबराहट?) तो मैं झूठ बोलूँगा। कुछ समय बाद एकदिवसीय क्रिकेट खेलना और फिर से देश की कप्तानी करना - खुद से एक उम्मीद है। पूरे समय शांति का माहौल था, लेकिन उन्होंने हमें दबाव में रखा और लगातार कड़ी मेहनत करते रहे - यह रोमांचक था।

रोहित और विराट के बारे में बोलते हुए, उन्होंने कहा, ÷उन्हें (कोहली और रोहित) इस तरह खेलते हुए, उस आज़ादी के साथ खेलते हुए देखना हमेशा मज़ेदार होता है, उन्होंने अपने पूरे करियर में यही किया है। मैं यह लंबे समय से देख रहा हूँ। मेरे लिए, ड्रेसिंग रूम में उनका साथ बहुत मज़ेदार है।÷ हर्षित के बारे में, राहुल ने कहा कि उनकी लंबाई और रन बनाने की क्षमता के कारण टीम उन्हें ढूंढ रही थी, और वह अभी भी विकास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हर्षित ने वाकई बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। ड्रेसिंग रूम में आते ही मुझे पता चल गया था कि वह ख़ास है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसकी टीम को तलाश थी। वह अभी भी विकास कर रहा है, लेकिन उसमें काफ़ी क्षमता है। केएल ने छठे नंबर पर बल्लेबाज़ के रूप में अपनी नई भूमिका को अपने 'व्यक्तिगत विकास' के लिए अच्छा बताया। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि खेल के बारे में सोचते रहो और बेहतर होने की कोशिश करते रहो।

इस मैच में, दक्षिण अफ्रीका ने भारत को पहले बल्लेबाज़ी के लिए आमंत्रित किया।




यशस्वी जायसवाल 16 गेंदों में 18 रन बनाकर शानदार शुरुआत के बाद आउट हो गए, जबकि रोहित (51 गेंदों में 57 रन, पाँच चौकों और तीन छक्कों की मदद से) और विराट ने दूसरे विकेट के लिए 136 रनों की साझेदारी करके रांची के दर्शकों का मन मोह लिया। मध्यक्रम में भारत की लय बिगड़ गई, रोहित, रुतुराज गायकवाड़ (8) और वाशिंगटन सुंदर (13) जल्दी-जल्दी आउट हो गए और भारत का स्कोर 200/4 हो गया।

## रोहित की शाहिद अफरीदी से तुलना नहीं की जा सकती : अतुल वासन




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर अतुल वासन ने कहा है कि रोहित शर्मा और शाहिद अफारीदी की तुलना नहीं की जा सकती है। रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय मैच में तीन छक्के लगाते ही अफरीदी के सबसे अधिक छक्कों का रिकार्ड तोड़ दिया था। रोहित ने इस मैच में 51 गेंदों पर 5 चौकों के साथ ही 3 छक्के लगाकर 57 रन बनाये थे। वहीं रोहित के छक्कों के इस रिकॉर्ड की तुलना अफरीदी से किये जाने पर इस पूर्व किकेटर ने कहा कि यह तो सेब की तुलना संतरे से करने जैसा है। रोहित 352 छक्के 269 पारियों में लगाये जबकि शाहिद अफरीदी ने 351 छक्के 369 पारियों में लगाये थे। ये रोहित की तुलना में 100 पारियां ज्यादा है।

वासन ने कहा कि रोहित के रिकॉर्ड की तुलना अफरीदी से करना सही नहीं है, क्योंकि रोहित ने इसे सलामी बल्लेबाज के तौर पर 100 पारियां कम खेलकर हासिल कर लिया। इससे उनका प्रभाव पता चलता है। वहीं अफरीदी की भूमिका बाद में आकर फिनिश करना और स्लॉग करना था। लेकिन एक ओपनर के तौर पर, 100 कम पारियों को खेलकर इतना बड़ा रिकॉर्ड बनाना, यह दिखाता है कि उन्होंने भारतीय टीम के लिए कितना प्रभाव किया बताया है।

रोहित की बड़े शॉट मारने और एक सलामी बल्लेबाज के तौर पर मजबूत स्ट्राइक रेट बनाए रखने की क्षमता उनकी सफलता और भारत की जीत पर उनके सकारात्मक प्रभाव को दिखाती है। वासन ने कहा की रोहित ने पारी की तेजी से शुरुआत करते हुए भारतीय टीम की जीत के लिए आधार बनाया है।

## बीसीसीआई के बाद विराट ने भी संन्यास से वापसी की अटकलों को खारिज किया

**–एक ही प्रारुप खेलूंगा**



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि वह अब केवल एकदिवसीय प्रारुप ही खेलेंगे और टेस्ट में वापसी करने का उनका कोई इरादा नहीं है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी विराट के एक फिर टेस्ट खेलने की संभावनाओं को गलत बताया था। भारतीय टीम की दक्षिणअफ्रीका से के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 0-2 से करारी हार को देखते हए ये अटकलें लगायी जा रही थीं कि विराट संन्यास से वापसी कर सकते हैं। ये भी कहा जा रहा था कि बीसीसीआई कोहली से उनके टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के फैसले को बदलने के लिए भी बात करने की योजना बना रहा था। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, विराट के संन्यास से वापसी की बातें केवल एक अफवाह है। इस बारे में कोहली से कोई बातचीत नहीं हुई है। आधारहीन बातों को न फैलाएं ऐसा कुछ नहीं हुआ है। विराट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के पहले ही मैच में शानदार शतक लगाया इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया। वहीं तक विराट से जब पूछा गया कि वह आगे भी क्या सिर्फ एक ही प्रारुप में खेलते नजर आएंगे? तो इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'हां, हमेशा ऐसा ही होगा। मैं तो बस एकदिवसीय ही खेलूंगा।'

ऐस में देखना होगा कि टीम प्रबंधन एकदिवसीय विश्वकप 2027 को लेकर क्या योजना बनाता है। अब तक के अनुममानों से दिख रहा है कि प्रबंधन रोहित और विराट को अगले विश्व कप के लिए टीम का हिस्सा नहीं मानता है। कोहली और ने इस साल इंग्लैंड दौरे से पहले ही टेस्ट से संन्यास ले लिया था।

# गावस्कर ने विराट को एकदिवसीय का महानतम बल्लेबाज बताया

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें अब तक का सबसे महान एकदिवसीय क्रिकेटर करार दिया है। उन्होंने कहा कि विराट के 52 शतक बताते है कि वह एकदिवसीय प्रारुप में कितने बेहतरीन खिलाड़ी हैं। विराट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय में 135 रनों की पारी खेलने के साथ ही इस प्रारुप में सबसे अधिक शतक का रिकार्ड भी अपने नाम किया है।



गावस्कर ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई संदेह नहीं है। मेरा मतलब है कि यह केवल मैं नहीं सोचता हूं। मुझे लगता है कि जो लोग विराट के साथ और उनके खिलाफ खेले हैं वे सभी इस बात को जानते हैं कि वह एकदिवीय प्रारूप का सबसे महान खिलाड़ी है।' उन्होंने कहा, विराट ने 52 शतक बनाए हैं। ये आंकड़ा उसे बहुत ऊपर ले जाता है।' यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग भी कोहली की क्षमताओं का लोहा मानते हैं।

गावस्कर ने कहा, 'पोंटिंग ने कहा हैं उन्होंने जिन बल्लेबाजों को देखा है उनमें कोहली एकदिवसीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ हैं। मेरा मतलब है कि जब कोई ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कहता है कि कोहली सबसे अच्छे हैं तो मुझे नहीं लगता कि तब इसमें किसी को कोई संदेह होना चाहिये। हर कोई इस बात से सहमत होगा कि किसी ऑस्ट्रेलियाई से तारीफ काफी कम मिलती है।' गावस्कर ने कहा कि सचिन तेंदुलकर के 51 एकदिवसीय शतक के रिकॉर्ड को पार कर विराट ने अपने को साबित कर दिया है। उन्होंने कहा, 'आप अब तक सचिन 51 शतक के साथ शीर्ष पर थे पर जब आप महान सचिन जैसे महान खिलाड़ी को पीछे छोड़ देते हैं तो आपको पता चलता है कि आप कहां खड़े हैं।'

गावस्कर ने दक्षिण अफ्रीका के कोच शुक्री कॉनराड की भारतीय टीम के घुटने पर लाने वाली टिप्पणी की आलोचना की है। उन्होंने कहा, 'यह एक गलत सलाह वाली टिप्पणी हो सकती है।गलत समय, गलत जगह। मुझे उम्मीद है कि अगली बार मीडिया से बात करते हुए वह ध्यान रखेंगे हालांकि मुझे नहीं लगता कि उन्हें माफी मांगने की जरूरत है। मैं निजी तौर पर माफी में विश्वास नहीं रखता।' गावस्कर ने कहा, 'पर अपनी गलती को स्वीकार करना चाहिये। ऐसी चीजें होती ही रहती हैं। जोश में आकर आप कभी-कभी कुछ ऐसा कह देते हैं।'

## उनादकट मुश्ताक अली टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी बने

अहमदाबाद । सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने दिल्ली के खिलाफ हुए सैयद मुश्ताक अली क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। उनादकट इस मैच में दिल्ली के कप्तान नितीश राणा का विकेट लेते ही मुश्ताक अली ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बन गये। उनादकट के नाम अब 121 विकेट हो गये हैं और उन्होंने पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज़ सिद्धार्थ कौल 120 विकेट को पीछे छोड़ दिया है। सिद्धार्थ ने 12 साल में 87 मैच खेलकर 120 विकेट लिए थे। वहीं, उनादकट ने अपने 83वें मैच में ही ये रिकॉर्ड तोड़ दिया। अब उनके नाम 121 विकेट हो चुके हैं। गौरतलब है कि इस टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक 100 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ों की संख्या केवल छह है। उनादकट और कौल के अलावा सूची में पियूष चावला 113 विकेट, लुकमान मेरिवाला 108 विकेट, चामा मिलिंद107 विकेट, आकाश चौधरी 102 विकेट हैं। मैच की बात करें तो दिल्ली ने चार विकेट पर 207 रन बनाये। इसो बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए सौराष्ट्र 198 रन ही बना पायी और उसे हार का सामना करना पड़ा।



## विराट, रोहित के भविष्य पर अभी बात करने की जरुरत नहीं : कोटक

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा है कि बल्लेबाज रोहत शर्मा और विराट कोहली अभी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और इनके भविष्य के बारे में अभी बात करने की कोई जरुरत नहीं है। विराट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय मैच में 135 जबकि रोहित ने 57 रन बनाये थे। हाल के समय में इन दोनो के ही करियर और 2027 एकदिवसीय विश्वकप में खेलने को लेकर आशंकाएं जाहिर की जाती रही हैं। माना जा रहा है कि ये दोनो ही विश्वकप के लिए टीम की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। वहीं कोटक ने इसी को लेकर कहा, 'मुझे नहीं पता कि हमें इन सब चीजों पर ध्यान देने की जरूरत क्यों है। विराट वाकई शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि उनके भविष्य को लेकर कोई बात करनी चाहिए। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहे हैं, वह कमाल है। जिस तरह से वह प्रदर्शन कर रहे हैं, अपनी फिटनेस बनाए रखते हैं, किसी भी चीज पर कोई सवाल नहीं उठता।' कोटक ने साथ ही कहा, 'पहले एकदिवसीय में उनकी पारी शानदार थी। उन्होंने सिर्फ एकदिवसीय बल्कि सभी प्रारुपों में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह उनका 52वां एकदिवसीय शतक था, वह वाकई शानदार खिलाड़ी हैं. उन्होंने जिम्मेदारी ली और जिस तरह से बल्लेबाजी की, वह बहुत अच्छा था।' कोहली ने मैच के बाद कहा, 'मैंने 300 से ज्यादा एकदिवसीय मैच खेले हैं और पिछले 15-16 सालों में काफी क्रिकेट खेली है। जैसा कि मैंने कहा, अगर आप खेल के संपर्क में हैं और जब आप प्रैक्टिस में गेंदें मार रहे हैं, आपके रिफ्लेक्सेस हैं, आपकी शारीरिक क्षमता है लंबी बल्लेबाजी करने की।' वहीं रोहित ने भी पहले ही मैच में जबरदस्त शुरुआत दी।



## एफआईएच जूनियर विश्व कप : स्विट्ज़रलैंड के खिलाफ कमजोरियां दूर करना चाहेगा भारत

**मदुरै (एजेंसी)।** भारतीय टीम बेहतरीन फार्म में चल रही है लेकिन अभी तक उसे असली चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा है और ऐसे में वह मंगलवार को यहां एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के नाकआउट चरण से पहले अपने अंतिम ग्रुप लीग मुकाबले में स्विट्ज़रलैंड के खिलाफ जीत की लय जारी रखने और अपने कमजोर पक्षों को दूर करने की कोशिश करेगी।

भारत और स्विट्ज़रलैंड दोनों ही पूल बी में दो-दो मैच जीतकर अजेय हैं, लेकिन भारतीय टीम बेहतर गोल अंतर के आधार पर तालिका में शीर्ष पर है। चेन्नई में पहले दो मैच में भारतीय टीम ने गोल की बरसात करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उसने पहले मैच में चिली को 7-0 से और फिर ओमान को 17-0 से हराया। दूसरी ओर स्विट्ज़रलैंड ने ओमान को 4-0 से हराया और फिर चिली पर 3-2 से जीत हासिल की।

भारतीय टीम से उम्मीद की जा रही है कि वह अपना विजय अभियान जारी रखकर नॉकआउट से पहले बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। लेकिन नॉकआउट चरण से पहले भारत के लिए कुछ चिंताएं बनी हुई हैं। पहले दो मैचों में भारतीय रक्षापंक्ति की ज्यादा परीक्षा नहीं हुई




क्योंकि गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह और बिक्रमजीत सिंह को किसी तरह की खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा।

कप्तान रोहित की अगुवाई में रक्षापंक्ति भी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में अधिक सक्रिय रहना चाहेगी। भारत के लिए चिंता का एक अन्य क्षेत्र पेनल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं कर पाना है। टीम के मुख्य ड्रैगफ्लिकर कप्तान रोहित को अपने खेल में सुधार करना होगा। ऐसा नहीं है कि भारत ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल नहीं किए, लेकिन अधिकतर गोल वैरिएशन और रिबाउंड से किए गए।

पहले दो मैचों में भारत के प्रदर्शन के लिए सबसे उत्साहजनक पहलू उसकी मध्य पंक्ति और अग्रिम पंक्ति का प्रदर्शन रहा। दिलराज सिंह अभी तक छह गोल करके टूर्नामेंट के संयुक्त रूप से शीर्ष स्कोरर हैं। उन्होंने ओमान के खिलाफ हैट्रिक भी लगाई थी जबकि अर्शदीप सिंह ने भी पिछले मैच में तीन गोल किए थे। मनमीत सिंह, अजीत यादव और इंगलेम्बा लुवांग थोरावोजम जैसे खिलाड़ी भी गोल करने वालों में शामिल हैं। स्विट्ज़रलैंड के खिलाफ मैच मदुरै में भारत का एकमात्र मैच है। इसके बाद वह अपने बाकी मैच खेलने के लिए चेन्नई लौटेगा।

यह देखना अभी बाकी है कि भारतीय खिलाड़ी यहां की परिस्थितियों के साथ किस तरह तालमेल बिठा पाते हैं। भारत के सहायक कोच बीरेंद्र लाकड़ा इसको लेकर ज्यादा परेशान नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से मैदान बदलेगा, लेकिन मौसम की स्थिति वही रहेगी। हमें अभ्यास और सामंजस्य बिठाने के लिए दो दिन का समय भी मिला है। स्विट्ज़रलैंड एक अच्छी टीम है। उसने अपने दो मैच भी जीते हैं, इसलिए यह मुकाबला आसान नहीं होगा। लेकिन हम उनके खेल का विश्लेषण करेंगे और उसी तरह से अपनी रणनीति बनाएंगे।'

मंगलवार को अन्य मैचों में स्पेन का मुकाबला नामीबिया से (मदुरै में), बेल्जियम का मिस्र से (मदुरै में), चिली का ओमान से (चेन्नई में), नीदरलैंड का ऑस्ट्रिया से (मदुरै में), फ्रांस का बांग्लादेश से (चेन्नई में), इंग्लैंड का मलेशिया से (मदुरै में) और ऑस्ट्रेलिया का कोरिया से (चेन्नई में) होगा।

## बीसीसीआई ने बुधवार को बुलायी अहम बैठक , गंभीर और अगरकर सहित प्रबंधन को बुलाया गया

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट नियंत्रण (बीसीसीआई) ने बुधवार को रायपुर में एक बैठक बुलाई है। इसमें टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर सहित टीम प्रबंधन को बुलाया गया है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार बैठक में बोर्ड गंभीर और अगरकर से टेस्ट क्रिकेट की रणनीति, टीम चयन और प्रबंधन के सीनियर खिलाड़ियों के साथ संबंधों को लेकर जवाब मांगेगा। बैठक में रोहित शर्मा, विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों के साथ टीम मैनेजमेंट के रवैये और संवाद पर भी सफाई मांगी जाएगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक बैठक में बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया, संयुक्त सचिव प्रभतेज सिंह भाटिया, हेड कोच गौतम गंभीर और राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर शामिल होंगे। अभी यह साफ नहीं है कि बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास बैठक में शामिल होंगे या नहीं। बीसीसीआई के एक बड़े अधिकारी के मुताबिक बैठक का उद्देश्य चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन ट के बीच सामंजस्य बनाना है। चयन में निरंतरता और टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाना है। अधिकारी ने स्वीकार किया कि टेस्ट फॉर्मेट में हाल में हुईं चीजों से बोर्ड चिंतित है। उन्होंने कहा, होम टेस्ट सीजन के दौरान मैदान और मैदान से बाहर की रणनीतियों पर संशय देखा गया। हम स्पष्टता और फॉरवर्ड प्लानिंग चाहते हैं, खासकर तब जब अगल टेस्ट सीरीज 8 महीने बाद है। बैठक में चर्चा सिर्फ टेस्ट क्रिकेट से जुड़े मसलों पर नहीं होगी। अधिकार ने माना कि मौजूदा टीम मैनेजमेंट जिस तरह से सीमित ओवरों के सीनियर खिलाड़ियों के साथ पेश आ रही है, उससे बेचैनी बढ़ी है।




# रोहित-कोहली की चमक में फीका पड़ा कुलदीप यादव का विश्व रिकॉर्ड, शेन वार्न को पीछे छोड़ा

**रांची (एजेंसी)।** रांची में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज की शानदार शुरुआत की, जहां विराट कोहली की ऐतिहासिक सेंचुरी और रोहित शर्मा की दमदार अर्धशतकीय पारी ने सुर्खियां बटोरीं। लेकिन रोहित-कोहली की चमक के बीच टीम इंडिया के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव के विश्व रिकॉर्ड पर किसी का ध्यान नहीं गया। रांची में खेले गए पहले मुकाबले में कुलदीप ने न सिर्फ 4 अहम विकेट चटकाए, बल्कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा बार चार विकेट लेने वाला स्पिनर बनकर महान शेन वार्न को भी पीछे छोड़ दिया। उनका यह स्पेल भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ।

### रांची में कुलदीप की घातक गेंदबाजी से पलटा मुकाबला

झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए हाई-स्कोरिंग मुकाबले में कुलदीप यादव ने अपने अनुभव और कौशल का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। दक्षिण अफ्रीका जब तेज़ गति से रन बना रही थी, तब कुलदीप ने 10 ओवर में 68 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। उनकी गेंदबाजी की खासियत यह रही कि उन्होंने विपक्षी बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाकर रनगति को नियंत्रित किया। उन्होंने पहले टोनी डी जॉर्जी (39) को आउट कर साझेदारी तोड़ी, इसके बाद मार्को यानसेन और मैथ्यू ब्रीट्ज़के जैसे दो खतरनाक बल्लेबाजों को सिर्फ तीन गेंदों के अंदर पवेलियन भेज दिया।

### यानसेन-ब्रीट्जके की साझेदारी पर लगा ब्रेक

साउथ अफ्रीका के दो युवा बल्लेबाज यानसेन और ब्रीट्ज़के ने छठे विकेट के लिए 68 गेंदों में 97 रन जोड़कर भारतीय गेंदबाजी पर दबाव बढ़ा दिया था। यानसेन ने 39 गेंदों में 70 रन और ब्रीट्ज़के ने 80 गेंदों में 72 रन की पारी खेलकर मैच का रुख बदलने की कोशिश की। तभी कुलदीप ने शानदार वापसी करते हुए पहले यानसेन को आउट किया, फिर अगली ही गेंद पर ब्रीट्ज़के को भी चलता किया। उनके इन दो लगातार झटकों ने दक्षिण अफ्रीका की रन गति ठंडी कर दी और भारत मैच में पूरी तरह वापसी कर गया।

### शेन वार्न को पछाड़कर बनाया नया रिकॉर्ड

कुलदीप यादव ने वनडे इतिहास में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा बार 4 विकेट लेने वाले स्पिनर बनने का बड़ा कारनामा कर दिखाया है। यह उनका दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथा मैच था जब उन्होंने चार विकेट झटके :

2018 - केपटाउन

2018 - गकेरहा

2022 - दिल्ली (अरुण जेटली स्टेडियम)

2024 - रांची

इससे पहले यह रिकॉर्ड शेन वार्न और युजवेंद्र चहल के नाम संयुक्त रूप से था। कुलदीप ने इस उपलब्धि से वह जगह हासिल कर ली जहां पहुंचना किसी भी स्पिनर के लिए गर्व की बात है।

### अंतरराष्ट्रीय सूची में भी बढ़ी कुलदीप की दावेदारी

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाने के साथ ही कुलदीप अब दुनिया के दिग्गज गेंदबाजों की सूची में भी आगे पहुंचते जा रहे हैं। वे अब लसिथ मलिंगा के बराबर पहुंच गए हैं, वहीं उनसे ऊपर सिर्फ ब्रेट ली और वकार यूनुस जैसे महान तेज गेंदबाज मौजूद हैं। यह कुलदीप की वनडे में 10वीं बार चार विकेट वाली परफॉर्मेंस थी, जिससे वे अनिल कुंबले के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर आ गए हैं। तेज गेंदबाजों में सिर्फ अजीत अगरकर (12) और मोहम्मद शमी (16) उनसे ऊपर हैं।



### भारत के लिए क्यों खास है कुलदीप का यह प्रदर्शन

कुलदीप यादव की यह उपलब्धि साबित करती है कि वे भारत के सबसे भरोसेमंद मैच-विनिंग स्पिनरों में से एक बन चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका जैसे मजबूत विपक्ष के खिलाफ लगातार प्रभावी प्रदर्शन करना उनकी निरंतरता और क्लास दोनों को दर्शाता है। उनका यह रिकॉर्ड न सिर्फ व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि भारतीय स्पिन विभाग की ताकत का भी प्रतीक है।

## मार्करम ने हार के बाद भी अपनी टीम के जुझारु रवैये को सराहा, खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया

रांची। पहले एकदिवसीय में दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम की कप्तानी संभालने वाले एडन मार्करम ने भारतीय टीम के हाथों मिली हार के बाद भी अपनी टीम के प्रदर्शन की तारीफ की है। मार्करम ने कहा है कि उन्हें अपनी टीम पर गर्व है क्योंकि उसने 350 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा काफी अच्छे से किया। शुरुआत में ही 11 रनों पर तीन विकेट गंवाने के बाद भी टीम ने 332 रन बनाये और वह लक्ष्य से केवल 18 रन ही दूर थी। इस दौरान एक समय लग रहा था कि वह लक्ष्य हासिल कर लेगी। मैच के बाद एडन मार्करम ने कहा कि उन्हें अपनी इस टीम पर गर्व है। उन्होंने इस दौरान विशेष रुप से दो खिलाड़ियों के प्रदर्शन की जमकर सराहना की। मार्करम ने कहा, हां उन्हें इन खिलाड़ियों पर गर्व है। इनकों अपना काम करते देखना बहुत अच्छा लगता है। इन्होंने कभी भी यह भरोसा नहीं खोया कि हम लक्ष्य नहीं पा सकते हैं।जैसे-जैसे पारी आगे बढ़ रही थीं, वे काफी उम्मीद लगाए हुए थे। शीर्ष क्रम हालांकि असफल रहा। हमें पता था कि गेंद स्विंग करेगी और फिर लक्ष्य का पीछा करते समय गेंद विकेट से थोड़ी तेजी आएगी, लेकिन फिर भी ऐसा लगा कि लक्ष्य का पीछा करना ही गेम जीतने का सबसे अच्छा तरीका है। अगले गेम में शीर्ष क्रम पर जिम्मेदारी रहेगी। मध्यक्रम पहले ही अच्छा प्रदर्शन कर सकता है।कुल मिलाकर, लड़कों की कोशिशों पर बहुत गर्व है। वे बहुत करीब पहुंच गए और उन्होंने जबरदस्त खेल दिखाया। कप्तान ने मार्को यान्सन और कॉर्बिन बॉश की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, यह बहुत बढ़िया है। कोई भी टीम जितना हो सके उतनी अच्छी बल्लेबाजी करना चाहेगी और वे हमारे लिए ठीक यही करते हैं।



## एसडब्लूआरईएल को अदाणी ग्रीन एनर्जी से मिला 1,381 करोड़ का ठेका



**नई दिल्ली** स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एसडब्ल्यूआरईएल) को गुजरात में अदाणी ग्रीन एनर्जी से करीब 1,381 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। एसडब्लूआरईएल ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने गुजरात के खावड़ा अक्षय ऊर्जा पार्क में आने वाली तीन सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) से करीब 1,381 करोड़ रुपये का बैलेंस ऑफ सिस्टम (बीओएस) ठेका हासिल किया है। खावड़ा अक्षय ऊर्जा पार्क दुनिया के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा केंद्रों में से एक है। स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी ग्रुप के एक प्रमुख अे धिकारी (वैश्विक) ने कहा कि हमें अदाणी ग्रीन के साथ समझौते की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि यह साझेदारी तेजी से बढ़ते भारतीय सौर बाजार में हमारे ईपीसी नेतृत्व को मजबूत करती है।

## मारुति सुजुकी ने एसएमजी के साथ विलय प्रक्रिया पूरी की




**नई दिल्ली** मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को कहा कि सुजुकी मोटर गुजरात के साथ विलय की योजना सोमवार से प्रभावी हो गई है। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि योजना की प्रभावशीलता के परिणामस्वरूप कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी में 15,000 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। कंपनी ने कहा कि हम सूचित करना चाहते हैं कि कंपनी ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण द्वारा जारी आदेश की प्रमाणित प्रति दाखिल कर दी है। इसमें पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी सुजुकी मोटर गुजरात (एसएमजी) के मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) में विलय की योजना को मंजूरी दी गई है और तदनुसार यह योजना एक दिसंबर 2025 से प्रभावी हो गई है। योजना के तहत नियत तिथि एक अप्रैल 2025 है और इस प्रकार एसएमजी का एमएसआई में विलय पूरा हो गया है।

## महिंद्रा की वाहन बिक्री नवंबर में 19 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा की नवंबर में कुल बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 92,670 इकाई हो गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने सोमवार को बयान में कहा कि यात्री वाहन खंड में कंपनी ने घरेलू बाजार में 56,336 वाहन बेचे, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 46,222 वाहनों की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्यिक वाहनों की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 24,843 इकाई हो गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा के कृषि उपकरण व्यवसाय ने पिछले महीने घरेलू बाजार में 42,273 ट्रैक्टर बेचे। यह नवंबर 2024 के 31,746 ट्रैक्टर से 33 प्रतिशत अधिक है।कुल ट्रैक्टर बिक्री नवंबर में 44,048 इकाई रही जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 33,378 इकाई थी। इस महीने ट्रैक्टर निर्यात 1,775 इकाई रहा जबकि नवंबर 2024 में यह 1,632 इकाई था।

## दिसंबर में निवेशकों की उम्मीदें बढ़ीं

**नई दिल्ली** दिसंबर को लेकर निवेशकों में उत्साह बढ़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार हर साल दिसंबर के अंतिम पांच दिन और नए साल के पहले दो दिन बाजार में तेजी आती है, जिसे सेंटा रेली कहा जाता है। निवेशक दिसंबर में अगले साल की योजना बनाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार माहौल पहले से बेहतर नजर आ रहा है और 2026 शेयर बाजार के लिए सकारात्मक रह सकता है। बाजार के जानकारों के अनुसार, इस समय लार्ज कैप शेयर सुरक्षित और स्थिर मुनाफा देने वाले विकल्प हैं। मिड और स्मॉल कैप शेयरों में निवेश सोच-समझकर और सीमित मात्रा में करना बेहतर है। उनका कहना है कि पिछले महीनों में मिड और स्मॉल कैप शेयरों की कीमतें गिर गई हैं और ये अब सस्ते व आकर्षक नजर आते हैं। छोटे शेयरों में 5-10 फीसदी गिरावट या कुछ महीनों की सुस्ती आ सकती है, लेकिन लंबी अवधि में बढ़त की संभावना मजबूत है।

# आरबीआई की मौद्रिक नीति बैठक में रेपो दर यथावत रहने की संभावना

### आरबीआई की एमपीसी की बैठक 3 से 5 दिसंबर तक

**नई दिल्ली**

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) 3 से 5 दिसंबर को बैठक कर रही है। विशेषज्ञों के अनुसार इस बैठक में रेपो दर में बदलाव की संभावना कम है। मौद्रिक नीति का रुख तटस्थ लेकिन नरम रहने की उम्मीद है। जून में 50 आधार अंक की कटौती के बाद दो बैठकों में दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी के मजबूत आंकड़े दर यथावत रखने का कारण बन सकते हैं। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने कहा कि दर में कोई कटौती अब संभव नहीं दिख रही है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की एक अर्थशास्त्री ने भी कहा कि मौजूदा स्थिति बनाए रखना उचित है, क्योंकि ढील देने की गुंजाइश कम है। विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई को दर कम करने के बजाय बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। ओपन मार्केट ऑपरेशन के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली को चौथी तिमाही में संभावित तरलता समर्थन मिल सकता है। ऋण-जमा अनुपात ऐतिहासिक रूप से उच्च स्तर के करीब है, इसलिए बैंकिंग प्रणाली को पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराना जरूरी है।




## बजाज ऑटो की घरेलू दोपहिया वाहन बिक्री एक फीसदी घटी




**नई दिल्ली** बजाज ऑटो की नवंबर में घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर एक प्रतिशत घटकर 2,02,510 इकाई रह गई। नवंबर 2024 में यह 2,03,611 इकाई थी। पुणे स्थित वाहन विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि निर्यात सहित वाहनों की कुल थोक बिक्री नवंबर में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 4,53,273 इकाई हो गई। पिछले साल नवंबर में 4,21,640 वाहन बेचे गए थे। कुल घरेलू बिक्री (वाणिज्यिक वाहनों सहित) नवंबर में तीन प्रतिशत बढ़कर 2,47,516 इकाई हो गई जबकि पिछले साल इसी महीने में 2,40,854 वाहन बिके थे। कुल निर्यात नवंबर में सालाना आधार पर 1,80,786 वाहनों से 14 प्रतिशत बढ़कर 2,05,757 वाहन हो गया। नवंबर में निर्यात सहित कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 3,79,714 इकाई हो गई।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने हैदराबाद में खरीदी पांच एकड़ जमीन

### कंपनी 4,150 करोड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगी




**नई दिल्ली** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज ने आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए नीलामी प्रक्रिया के जरिये हैदराबाद में 4,150 करोड़ रुपये में पांच एकड़ जमीन खरीदी है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एचएमडीए) द्वारा कोकापेट के नियोपोलिस में लगभग पांच एकड़ भूमि के लिए आयोजित ई-नीलामी में हिस्सा लिया। एमएसटीसी लिमिटेड के ई-नीलामी मंच के अनुसार गोदरेज प्रॉपर्टीज सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी। प्राधिकरण निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद आवंटन पत्र जारी करेगा। कंपनी ने कहा कि इस भूमि पर प्रीमियम आवासीय परियोजना विकिसित की जाएगी जिसका बिक्री योग्य क्षेत्रफल लगभग 25 लाख वर्गफुट होगा। इससे करीब 4,150 करोड़ रुपये की राजस्व हासिल होने की संभावना है। गोदरेज प्रॉपर्टीज के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि हैदराबाद में मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास और गुणवत्तापूर्ण आवास की निरंतर मांग के साथ मजबूत प्रदर्शन जारी है। हम रणनीतिक अधिग्रहण आदि के माध्यम से इस उच्च-संभावना वाले बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गोदरेज प्रॉपर्टीज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है। इसकी दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), पुणे, बेंगलुरु और हैदराबाद में अच्छी उपस्थिति है।

# भारतीय शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी रहने से बाजार नीचे आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 64.77 अंक के नुकसान के साथ ही 85,641.90 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 27.20 अंक फिसलकर 26,175.75 पर था। आज के कारोबार में केवल वाहन और मेटल शेयर ही ऊपर आये।

आज निफ्टी ऑटो 0.79 फीसदी और निफ्टी मेटल 0.58 फीसदी बढ़कर बंद हुए। इसके अलावा, निफ्टी आईटी, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी कमोडिटीज और निफ्टी पीएसई भी लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। दूसरी ओर निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी फार्मा, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी मीडिया, निफ्टी एनर्जी और निफ्टी इन्फ्रा नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए।

लार्जकैप की तरफ ही मिडकैप का प्रदर्शन भी मिलाजुला रहा पर स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.15 अंक की हल्की बढ़त के साथ ही 61,043 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 45.45 अंक की तेजी के साथ ही 17,874.70 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, मारुति सुजुकी, बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इटरनल (जोमैटो), एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील और इन्फोसिस सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। वहीं बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, ट्रेंट, एसबीआई, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, एक्सिस बैंक और एचयूएल के शेयर नुकसान में रहे।

इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स 86,065 के स्तर पर खुला और 294 अंकों की बढ़त के साथ 86,000 के आसपास कारोबार कर रहा था। इसी तरह, निफ्टी-50 26,325 पर खुला और शुरुआती 20 मिनटों के भीतर लगभग 90 अंकों की बढ़त के साथ 26,292.55 तक पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर, एशियाई बाजारों में सोमवार की शुरुआत मिश्रित रही। अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों ने निवेशकों का आत्मविश्वास बढ़ाया, जबकि जापानी येन की मजबूती ने निक्की 225 पर दबाव बनाया, जो 1.68 फीसदी नीचे कारोबार कर रहा था। इसके विपरीत, हांगकांग का हैंग सेंग 0.56 फीसदी और चीन का शंघाई एसई 0.11 फीसदी की बढ़त में रहा। अमेरिकी बाजारों ने भी पिछले सप्ताह मजबूती दिखाई, जहां नैस्डैक, एस एंड पी 500 और डाउ जोन्स तीनों हरे निशान




# क्रिप्टो बाजार फिसला, बिटकॉइन 88,000 डॉलर के नीचे

### ईथर भी 6 फीसदी लुढ़ककर 2,900 डॉलर से नीचे आ गया

**नई दिल्ली**

दिसंबर की शुरुआत क्रिप्टोकरेंसी बाजार के लिए कमजोर रही है। 1 दिसंबर को एशियाई ट्रेडिंग सत्र के शुरुआती घंटों में प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी में तेज गिरावट दर्ज की गई। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन लगभग 4.3 फीसदी गिरकर 88,000 डॉलर के नीचे पहुंच गया, जबकि ईथर भी 6 फीसदी लुढ़ककर 2,900 डॉलर से नीचे आ गया। कॉइन मार्केटकैप के आंकड़े दर्शाते हैं कि पिछले 24 घंटों की यह गिरावट पिछले 30 दिनों में 19.85 फीसदी की कमजोरी को और बढ़ा रही है। मार्केट में लीवरेज लिक्विडेशन तेज हुआ है और केवल एक दिन में करीब 16 मिलियन डॉलर के बिटकॉइन लॉन्ग पोजिशन लिक्विडेट हो गए।

विश्लेषकों के अनुसार, व्यापक आर्थिक चिंताओं और बैंक ऑफ जापान द्वारा संभावित ब्याज दर वृद्धि की आशंकाओं ने एशियाई बाजारों में दबाव बढ़ाया है। जापानी बॉन्ड यील्ड का 15 साल के उच्च स्तर पर पहुंचना भी बिकवाली का बड़ा कारण बना। गिरावट के दौरान बिटकॉइन 4.63 फीसदी टूटकर 86,440 डॉलर पर ट्रेड कर रहा था।

इसका मार्केट कैप 1.72 ट्रिलियन डॉलर तक सिमट गया, जबकि 24 घंटे का ट्रेडिंग वॉल्यूम 40 फीसदी से अधिक उछलकर 52.4 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। तकनीकी विश्लेषण में बिटकॉइन का 90,954 डॉलर का सपोर्ट लेवल टूटना गिरावट को और गहरा कर गया है।




## सीआईआई ने बजट में रखी हरित वित्त और सर्कुलर इकोनॉमी सुधार की मांग



**नई दिल्ली** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सरकार से आगामी बजट में हरित परियोजनाओं के लिए प्रतिबद्ध वित्तीय संस्थान (जीएफआई) स्थापित करने की मांग की है। सीआईआई के अनुसार अगले 10-15 वर्षों में हरित परियोजनाओं के लिए लगभग 1 लाख करोड़ रुपए और 2070 तक 10 लाख करोड़ डॉलर का निवेश अंतर होगा। मौजूदा हरित वित्त केवल आवश्यकता का एक चौथाई पूरा कर पा रही है। सीआईआई ने कहा कि यह संस्था मध्यस्थ के रूप में काम करेगी, जिसमें बहुपक्षीय बैंक, सॉवरिन फंड और परोपकारी संस्थाएं शामिल होंगी और कोई प्रत्यक्ष सरकारी व्यय नहीं होगा। इसे गिफट सिटी में स्थापित करने की सिफारिश की गई है। यह रियायती वित्त, क्रेडिट गारंटी, इक्विटी समर्थन और छोटे हरित एसेट्स के प्रतिभूतिकरण जैसी सुविधाएं प्रदान करेगी। सीआईआई ने चेतावनी दी कि ईवी और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में खनिज आयात निर्भरता बढ़ रही है। बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए अनिवार्य रीसाइक्लिंग, शहरी खनन लक्ष्य और स्क्रैप निर्यात पर प्रमाणन लागू करने की सिफारिश की गई है।

# दिसंबर की शुरुआत में राहत, कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 10 रुपए सस्ता

### घरेलू एलपीजी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली**

दिसंबर की शुरुआत देशभर के होटल, रेस्टोरेंट और छोटे-बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लिए राहत लेकर आई है। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में एक बार फिर कटौती की गई है, जिससे फूड बिज़नेस और सर्विस सेक्टर की लागत में कमी आने की उम्मीद है। सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने 1 दिसंबर से 19 किलो के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 10 रुपए की कमी लागू कर दी है। यह राहत ऐसे समय आई है जब नवंबर में भी प्रति सिलेंडर 5 रुपए सस्ते किए गए थे। यानी लगातार हो रही कटौतियों का लाभ सीधे-सीधे व्यापारिक उपभोक्ताओं को मिल रहा है। राजधानी दिल्ली में अब 19 किलो कमर्शियल सिलेंडर का नया दाम 1580.50 रुपए हो गया है, जो पहले 1590.50 रुपए था। हालांकि घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए इस बार भी कोई बदलाव नहीं किया गया है।



14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत अप्रैल से स्थिर है और अभी दिल्ली में 853 रुपए पर बरकरार है। अन्य महानगरों में भी कमर्शियल गैस के ताज़ा रेट जारी किए गए हैं। कोलकाता में 1684 रुपए, मुंबई में 1531.50 रुपए और चेन्नई में 1739.50 रुपए में सिलेंडर उपलब्ध होगा। वहीं नोएडा में 1580.50 रुपए, पटना में 1829 रुपए, लखनऊ में 1703 रुपए, शिमला में 1688.50 रुपए, देहरादून में 1638 रुपए, गुरुग्राम में 1597 रुपए और रांची में 1733 रुपए में कमर्शियल सिलेंडर मिल रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजार में सोना-चांदी के दाम नई ऊंचाई पर



### ▶▶ सोना फिर 1.30 लाख के पार, चांदी में भी 1,78 लाख से ज्यादा तेजी

**नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों बाजारों में सोमवार को सोना और चांदी के भावों में रिकॉर्डतोड़ तेजी देखने को मिली। निवेशकों की मजबूत खरीदारी और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच दोनों धातुएं नए उच्च स्तरों को छू रही हैं। घरेलू बाजार में जहां सोने के दाम 1.30 लाख रुपये के ऊपर मजबूती से बने हुए हैं, वहीं चांदी के भाव 1.78 लाख रुपये के पार पहुंचकर नया इतिहास रच चुके हैं।

घरेलू मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोने के फरवरी वायदा कॉन्ट्रेक्ट ने तेजी के साथ कारोबार की शुरुआत की। सोना 495 रुपये की बढ़त के साथ 1,29,999 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला, जबकि इसका पिछला बंद भाव 1,29,504 रुपए था।

इस समय यह 1,30,383 रुपए से अे धिक के स्तर पर पहुंच गया था, जिसमें कुल 879 रुपये की तेजी शामिल है। दिन के कारोबार के दौरान सोने ने 1,30,794 रुपए का उच्च और 1,29,999 रुपए का निचला स्तर छू लिया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष सोना 1,31,699 रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है। चांदी के मार्च कॉन्ट्रेक्ट ने भी जोरदार तेजी के साथ शुरुआत की। एमसीएक्स पर यह 1,77,858 रुपए पर खुला, जो पिछले बंद 1,74,981 रुपए से 2,877 रुपये अधिक था। इस समय चांदी 1,78,187 रुपए के भाव पर कारोबार कर रही थी। दिन के दौरान इसने 1,78,250 रुपए का उच्च स्तर छुआ, जो इस साल का नया उच्चतम स्तर भी है, जबकि निचला स्तर 1,76,452 रुपए रहा।

## नई जनरेशन डस्टर 26 जनवरी को होगी लॉन्च




**नई दिल्ली**

भारतीय बाजार में एसयूवी रेनॉल्ट डस्टर फिर वापसी करने जा रही है। कंपनी का कहना है कि नई जनरेशन डस्टर को 26 जनवरी 2026 को लॉन्च किया जाएगा। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, लेटेस्ट स्पाई शॉट्स में इसे चारों ओर से साफ देखा गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह टेस्ट ड्राइव के लिए सीधे चेन्नई प्लांट से निकली है। नई डस्टर की डिजाइन पहले से काफी अधिक मॉडर्न और एग्रेसिव दिखती है।

इसमें वाय शेप एलईडी डीआरएलएस, नए पॉलिगोनल हेडलैम्प्स, हेवी फ्रंट बंपर, बड़े अक्षरों में रिनॉल्ट ब्रैंडिंग, मजबूत बॉडी क्लैडिंग, स्टाइलिश रूफ रेल्स और सी-पिलर में हिडन रियर डोर हैंडल जैसे बदलाव शामिल हैं।

पिछला हिस्सा स्पोर्टी रियर स्पॉयलर, शार्क फिन एंटीना और वाय-शेप टेललैंप्स के साथ और भी आकर्षक नजर आता है। इंटीरियर में इस बार बड़ा अपग्रेड देखने को मिलेगा। इसमें ट्रिपल स्क्रीन डैशबोर्ड लेआउट, 10.1-इंच टचस्क्रीन, 7-इंच डिजिटल क्लस्टर, वायरलेस कनेक्टिविटी, डुअल-जोन एसी, ओटीए अपडेट्स, अडास, 6-एयरबैग, रियर कैमरा, पार्किंग सेंसर और ईएससी जैसी फीचर्स दिए जाने की संभावना है। इंटरनेशनल मॉडल ने यूरो एनकैप में 3-स्टार सेफ्टी रेटिंग हासिल की है। इंजन विकल्पों की बात करें तो शुरुआत में यह पेट्रोल इंजन में उपलब्ध होगी। हालांकि, बाद में कंपनी स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड और संभवतः सीएनजी वर्जन भी पेश कर सकती है। लॉन्च के बाद यह 4.2-4.4 मीटर एसयूवी सेगमेंट की लोकप्रिय गाड़ियों को प्रतिस्पर्धा देगी। उम्मीद है कि इस एसयूवी की शुरुआती कीमत 11 लाख रुपये से कम रखी जाएगी।

# शेयर और म्युचुअल फंड में घरेलू निवेश दोगुना, बैंक जमा पिछड़ा

### ▶▶ हर 100 रुपए बैंक जमा पर परिवारों ने 45.2 म्युचुअल फंड और शेयरों में निवेश किया

**नई दिल्ली**

भारतीय परिवारों द्वारा बैंक जमा के मुकाबले म्युचुअल फंड और शेयर बाजार में निवेश दोगुना हो गया है। आरबीआई के नवंबर बुलेटिन के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में बैंक जमा में निवेशित हर 100 रुपए पर लगभग 45.2 रुपए म्युचुअल फंड और शेयरों में लगाए गए। जबकि पिछले वित्त वर्ष यह अनुपात केवल 21.2 रुपए था। अक्टूबर 2025 तक म्युचुअल फंडों के प्रबंधित परिसंपत्तियों (एयूएम) का कुल आंकड़ा 79.9 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह 241.7 लाख करोड़ रुपये की कुल बैंकिंग जमा राशि का लगभग 33 फीसदी है। मार्च 2025 तक यह हिस्सेदारी 29 फीसदी थी। विशेषज्ञों के अनुसार, कम बैंक ब्याज दरें, वित्तीय साक्षरता में वृद्धि और फिनटेक प्लेटफार्मों की वजह से निवेशकों ने इक्विटी और म्युचुअल फंड की ओर रुख किया है। पीएल कैपिटल के एक शोध निदेशक का कहना है कि बाजार में स्थिरता के बावजूद घरेलू निवेशक इक्विटी में निवेश जारी रखेंगे।




## धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए शत्रुघ्न



बॉलीवुड के महान अभिनेता धर्मेंद्र के निधन ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री और देशभर के प्रशंसकों को गहरे शोक में डाल दिया है। उनके जाने के बाद साथी कलाकार लगातार भावनात्मक पोस्ट के जरिए उन्हें याद कर रहे हैं। इसी क्रम में दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा हाल ही में धर्मेंद्र के घर पहुंचे और उनके बेटों सनी देओल व बॉबी देओल से मुलाकात की। सिन्हा ने अपने एक्स अकाउंट पर कई थ्रोबैक तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि दिल्ली से लौटने के बाद वह भारी मन से धर्मेंद्र के घर पहुंचे। वहां सनी, बॉबी, उनकी पत्नी तान्या और पोते धरम व आर्यमन से मिलना बेहद भावुक अनुभव रहा। उन्होंने लिखा कि धर्मेंद्र न सिर्फ एक महान कलाकार थे, बल्कि अद्भुत इंसान थे, जिनकी यादें हमेशा जीवित रहेंगी। उन्होंने दिवंगत अभिनेता की आत्मा की शांति और परिवार के साहस के लिए प्रार्थना की। धर्मेंद्र और शत्रुघ्न सिन्हा की दोस्ती वर्षों पुरानी थी और दोनों ने 'दोस्त', 'कयामत', 'लोहा', 'आग ही आग' और 'गंगा तेरे देश में' जैसी कई हिट फिल्मों में साथ काम किया। धर्मेंद्र का जाना हिन्दी सिनेमा के लिए बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं। उनके योगदान और उनकी सरलता को हमेशा याद किया जाएगा।

## धर्मेंद्र के घर पर आईसीयू जैसी व्यवस्था थी: मुकेश खन्ना



अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के घर पर आखिरी दिनों की स्थिति कैसी थी, इसे लेकर अब अभिनेता मुकेश खन्ना ने बड़ा खुलासा किया है। एक वीडियो में मुकेश खन्ना ने बताया कि उन्होंने हाल ही में धर्मेंद्र से मुलाकात की थी और उनके घर पर ही अस्पताल जैसा पूरा सेटअप तैयार किया गया था।

मुकेश खन्ना ने कहा कि हॉस्पिटल से वापस घर आने के बाद वह लगभग पांच-छह दिन पहले उनसे मिलने गए थे। उन्होंने बताया, 'घर पर आईसीयू जैसी व्यवस्था थी। मुझे पता था कि उनसे ठीक से बातचीत नहीं हो पाएगी, लेकिन जाना जरूरी लगा।' उन्होंने बताया कि उस दौरान वह सनी देओल और बॉबी देओल से भी मिले और उन्हें हिम्मत बंधाई। मुकेश कहते हैं, 'मैंने उनसे कहा, 'वह बहुत स्ट्रॉन्ग हैं, जल्दी ठीक हो जाएंगे।' लेकिन आखिर वही होता है जो ईश्वर को मंजूर होता है। लोग शॉक में थे, क्योंकि सबको लगा था कि इतनी मजबूत काया वाले धर्मेंद्र रिकवर हो जाएंगे। उनके शरीर ने साथ छोड़ दिया, लेकिन उनकी आत्मा बहुत अच्छी थी। संस्मरण रह जाते हैं, आत्मा चली जाती है।'

उन्होंने भावुक होकर कहा कि धर्मेंद्र ने एक शानदार जिंदगी जी और उनकी सादगी तथा विनम्रता ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी थी। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि वे धर्मेंद्र के साथ छह फिल्मों में काम कर चुके हैं, जिनमें 'तहलका' भी शामिल है। उन्होंने कहा कि आखिरी महीनों में भी धर्मेंद्र के चेहरे की सकारात्मकता और मुस्कान कभी कम नहीं हुई।

गौरतलब है कि धर्मेंद्र का 8 दिसंबर को जन्मदिन होता है और वे इस साल 90 साल के होने वाले थे। परिवार उनकी जन्मदिन की तैयारियां कर रहा था, लेकिन अक्टूबर से उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और नवंबर में उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। 24 नवंबर को उनका निधन हो गया।

## भावनाओं तक पहुंच पाना कलाकारों के अस्तित्व के लिए विकल्प नहीं, ज़रूरत है : कुब्रा सैत



बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत का कहना है कि यदि कलाकार अपनी भावनाओं तक पहुंचने के लिए तैयार नहीं हैं, तो वे कलाकार बन ही नहीं सकते है। कुब्रा सैत हमेशा उस अंदरूनी दुनिया के बारे में बेबाकी से बात करती हैं, जो उनके अभिनय को आकार देती है। अपनी परफॉर्मेंसेज़ और जटिल किरदारों में पूरा ढल जाने की क्षमता के लिए जानी जाने वाली कुब्रा अक्सर उस भावनात्मक अनुशासन पर बात करती हैं, जिसकी मांग एक्टिंग करती है। इस व्यक्तिगत अनुभव में, वह उस पल को याद करती हैं जब उन्होंने सच में समझा कि अपनी जिम्मेदारी के साथ, साहस के साथ, और पूरी सजगता के साथ भावनाओं तक पहुँचना क्या होता है। उनके सफर की शुरुआत में मिली यह सीख आज भी यह उन्हें स्क्रीन के साथ जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।


कुब्रा सैत ने इस सिलसिले में अपनी बात रखते हुए कहा, फ़एक कलाकार के तौर पर मैंने सीखा कि यदि आप अपनी भावनाओं तक पहुँचने के लिए तैयार नहीं हैं, तो आप कलाकार बन ही नहीं सकते। हालांकि यह भी हो सकता है कि उन भावनाओं तक पहुंचने के लिए जो रास्ता आप अपनाते हैं, वह बहुत खतरनाक हो, लेकिन आपको आगे बढ़ना ही होगा। मुझे याद है, मैंने यह बात अपने एक निर्देशक अनुराग कश्यप से सीखी। पहली बार मुझे कैमरे पर रोना था, और मुझे नहीं पता था कि मैं ये कैसे करूँगी। यह डर मेरे दिमाग में घर कर चुका था, तभी उन्होंने मेरी तरफ देखा और कहा, 'हम यहाँ बैठेंगे, लाइनें पढ़ेंगे और बस खुद के साथ रहेंगे। हम तुम्हारे अंदर की उस खिड़की को खोलेंगे, जिससे भावनाएँ भीतर आ सकें। और आज रात जाने से पहले हम उस खिड़की को फिर बंद भी करेंगे।' यह बात मेरे भीतर बस गई।'

कुब्रा सैत ने कहा, 'हम सभी के भीतर वह खिड़की होती है, जो हमारी भावनाओं की दुनिया तक पहुँचने का एक रास्ता होती है। उसे खोलने और बंद करने की क्षमता ही हमें संतुलित रखती है और हमें ज़िंदा रखती है। हालांकि अभिनय के बाहर, असल ज़िंदगी में, दुनिया हमेशा इतनी माइंडफुल नहीं होती इसलिए कभी-कभी खिड़की की बजाय पूरी बाँध खुल जाती है और हमारी भावनाएँ हम पर हावी हो जाती हैं। आज की भागदौड़ भरी दुनिया में हम अक्सर अपने ही विचारों और अपने ही एक्सप्रेशंस में उलझ जाते हैं और हर चीज़ को 'ट्रिगर' कहने लगते हैं, जबकि कई बार हम बस चिढ़े हुए या परेशान होते हैं। यही ट्रिगर हमें हमारे अतीत में खींच ले जाता है, लेकिन चिढ़ और परेशानी वर्तमान की होती है। इस फर्क को समझते हुए मैंने अपने भीतर की उस खिड़की को पहचाना और इसीने मुझे एक एक्टर के तौर पर बचाया, एक इंसान के तौर पर मुझे ज़मीन से जोड़े रखा।'

## इंडस्ट्री में लंबा टिकना है तो लुक्स नहीं, अभिनय पर काम करो: शाहिद कपूर



अभिनेता शाहिद कपूर ने 15वें इंडियन फिल्म प्रोजेक्ट (आईएफपी) समारोह में शिरकत की। समारोह में बातचीत के दौरान अभिनेता ने अपनी जिंदगी के कई अनसुने पहलू और मनपसंद गानों के बारे में बात की। समारोह में मौजूद लोगों ने जब शाहिद से उनके मनपसंद गाने के बारे में पूछा, तो उन्होंने बताया कि अब तक का उनका पसंदीदा गाना फिल्म 'हैदर' का गाना 'बिस्मिल्ला' है। उन्होंने इस गाने के बारे में बताते हुए कहा कि ये गाना फिल्म की खूबसूरती से जुड़ा है, जिसे करके उन्हें बहुत अच्छा लगा। इसके बाद उन्होंने डांसिंग सॉन्ग के बारे में कहा, 'मुझे डांसिंग सॉन्ग में 'मौजा ही मौजा,' 'नगाड़ा,' 'ढटिंग नाच,' 'साड़ी के फॉल सा,' और 'तेरी बातों में उलझा जिया' समेत कई गाने पसंद हैं। असल में मुझे डांस करना बहुत अच्छा लगता है, लेकिन काफी समय से मैंने डांस नहीं किया है। मेरे कई सारे कोरियोग्राफर दोस्त हैं, जो कि कहते हैं अब डांस क्यों नहीं करता है, और मैं उनसे मजाक में कहता हूं, तुम्हें आता है तो तुम कर लो!' अभिनेता ने आगे कहा कि आप हर किरदार में डांस नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'किरदार के हिसाब से काम करना जरूरी है। अब किसी डॉक्टर का किरदार है तो वो डांस क्यों ही करेगा? हालांकि कई डॉक्टर बहुत अच्छा डांस करते हैं।' शाहिद काफी लंबे समय से मनोरंजन जगत में काम कर रहे हैं और ज्यादातर प्रशंसक उन्हें उनके चार्मिंग लुक के लिए पसंद करते हैं। लुक्स को लेकर अभिनेता ने कहा, 'अगर इस इंडस्ट्री में लंबे समय तक दिखना है, तो आपको अपने अभिनय पर काम करना होगा, क्योंकि लुक्स, चार्म और स्टाइल से शुरुआती दिनों में काम चल सकता है, लेकिन आगे तक चलना है, तो अपने काम पर ध्यान दो। जब आप ईमानदारी से अपने किरदार में डूबते हैं तो आप अपने अंदर झांकते हैं और दबी हुई भावनाओं को बाहर निकालते हैं, तभी असली संतुष्टि मिलती है।' अभिनेता ने बताया कि वे बहुत संवेदनशील व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा, 'मैं हर बात को गहराई से सोचता हूं। असल जिंदगी में भी हम अपने भाव छुपाते हैं, लेकिन अभिनय मेरे लिए वो रास्ता है, जहां पर मैं पूरी तरह से अपने अंदर की भावनाओं को खोलकर रख देता हूं।'



## बेटी का नाम उजागर कर भावुक हुए कियारा-सिद्धार्थ

हाल ही में बॉलीवुड के हॉट कपल कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा अपने नन्हीं परी का नाम उजागर करते हुए भावुक होते नजर आए। इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'हमारी दुआओं से निकलकर हमारी बाहों में आने वालीज़ हमारा आशीर्वाद, हमारी नन्ही राजकुमारी सरायाह मल्होत्रा।'

यह पोस्ट आते ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगी और फैंस व सेलेब्स ने कमेंट कर ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद दिया। सरायाह नाम का अर्थ भी उतना ही खूबसूरत है, जितना इसका उच्चारण। दुनिया भर की कई संस्कृतियों में यह नाम अलग-अलग अर्थों में लिया जाता है, लेकिन सबसे लोकप्रिय अर्थ हिब्रू भाषा से आता है, जहां सरायाह का मतलब होता है ईश्वर का मार्गदर्शन या ईश्वर का शासन। इसका संकेत है उन बच्चों से, जिन पर भगवान की विशेष कृपा बनी रहती है और जो अपने जीवन में एक सकारात्मक दिशा लेकर चलते हैं। माता-पिता के मुताबिक यह नाम उनके लिए सिर्फ एक पहचान नहीं बल्कि एक भावनात्मक आशीर्वाद है। कियारा और सिद्धार्थ के इस पोस्ट पर लाखों लाइक्स और अनगिनत कमेंट्स आए। लोग बेटी के नाम की खूब तारीफ कर रहे हैं और उन्हें ढेरों शुभकामनाएं दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'क्या प्यारा नाम चुना है, भगवान सरायाह को हमेशा खुश रखें।' वहीं कई लोगों ने यह लिखा कि नाम सुनते ही उनकी आंखें भर आईं और दिल खुश हो गया। बता दें कि कियारा और सिद्धार्थ ने अपने पैरेंट्स बनने की खुशखबरी 15 जुलाई को साझा की थी। उस समय उन्होंने लिखा था, 'हमारा दिल खुशी से झूम रहा है। हमारी दुनिया हमेशा के लिए बदल गई है। हमें बेटी के मां-बाप होने का आशीर्वाद मिला है।' यह पोस्ट भी उस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिससे उनके फैंस बेहद खुश हुए थे। कियारा और सिद्धार्थ की शादी 7 फरवरी 2023 को राजस्थान के भव्य सूर्यगढ़ पैलेस में हुई थी। कई दिनों तक चलने वाले इस सेलिब्रेशन में उनके करीबी दोस्त, परिवार और कई बॉलीवुड सितारे शामिल हुए थे। बता दें कि बॉलीवुड की लोकप्रिय जोड़ी कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी बेटी को लंबे इंतजार के दुनिया से परिचित कराया, हालांकि उन्होंने तस्वीर में बेटी का चेहरा नहीं दिखाया।

## बंधिश बैंडिट्स सीज़न टू को बेस्ट वेब सीरीज पुरस्कार

56वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में प्राइम वीडियो ने अपनी लोकप्रिय हिंदी और तमिल वेब सीरीज के साथ धमाकेदार उपस्थिति दर्ज कराई। महोत्सव में आयोजित बेस्ट वेब सीरीज (ओटीटी) श्रेणी में बंधिश बैंडिट्स सीज़न टू को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला। इस श्रेणी में प्राइम वीडियो की अन्य ओरिजिनल सीरीज जैसे पाताल लोक सीज़न टू और तमिल सीरीज सुझल-द वर्टेक्स सीज़न टू भी नामांकित थीं। यह पुरस्कार प्राइम वीडियो के लिए दूसरी बार हासिल किया गया सम्मान है; इससे पहले 2023 में पंचायत सीज़न टू को इसी श्रेणी में पुरस्कार मिला था। इस जीत ने भारत के तेजी से बढ़ते स्ट्रीमिंग इकोसिस्टम में प्राइम वीडियो की उत्कृष्टता को और मजबूत किया। पुरस्कार संजय जाजू, सूचना और प्रसारण मंत्रालय और डॉ. एल. मुरुगन, राज्य मंत्री, सूचना और प्रसारण द्वारा प्रदान किया गया। जूरी का नेतृत्व प्रसिद्ध फिल्म निर्माता भरतबाला गणपथी ने किया, जिसमें निर्माता, निर्देशक और अभिनेता शामिल थे। अमृतपाल सिंह बिंद्रा और आनंद तिवारी द्वारा निर्देशित और लिखा गया यह सीज़न, संगीत, अभिव्यक्ति, प्रतियोगिता और प्रेम के जरिए व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा और विरासत की कहानी प्रस्तुत करता है।



## ओटीटी ने दिया नए किरदारों का बड़ा मौका : मोना सिंह

छोटे परदे की मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह आजकल ओटीटी जगत में खूब चमक रही हैं। खास बात यह है कि मोना, जिन्होंने अपने करियर की शुरुआत टीवी से की थी, अब छोटे पर्दे से पूरी तरह दूरी बना चुकी हैं। उनका कहना है कि उन्होंने सोच-समझकर यह फैसला लिया है और अब वह टीवी पर वापसी के लिए तैयार नहीं हैं। मोना का मानना है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म ने न सिर्फ कलाकारों, बल्कि दर्शकों के लिए भी नए रास्ते खोले हैं। उनके शब्दों में, 'जिस तरह की कहानियां आज ओटीटी पर दिखाई जा रही हैं, वो टीवी पर संभव ही नहीं है। टीवी पर बहुत सेंसरशिप और रेस्ट्रिक्शन होते हैं, जिसके कारण एक्टर के रूप में कॉम्पलेक्स और चैलेंजिंग किरदार निभाने का मौका नहीं मिलता।' ' वह मानती हैं कि ओटीटी प्लेटफॉर्म ने एक्टर्स, राइटर्स और क्रिएटर्स को वह स्पेस दिया है जिसकी हमेशा से जरूरत थी। मोना ने यह भी बताया कि ओटीटी प्रोजेक्ट्स का वर्किंग स्ट्रक्चर काफी बेहतर है। 'तीन महीने में एक वेब शो करके आप ब्रेक ले सकते हैं और फिर ताजगी के साथ नए किरदार की तैयारी कर सकते हैं। यह मेरे लिए बेस्ट बैलेंस है। टीवी पर टाइमलाइन्स बहुत क्रेजी होती हैं, खासकर जब शो रोज प्रसारित होते हैं।

पहले सोमवार से गुरुवार तक एपिसोड आते थे, लेकिन अब पूरे हफ्ते। ऐसे में पता नहीं चलता कि पर्सनल लाइफ बचती भी है या नहीं,' मोना ने हंसते हुए कहा। टीवी को अलविदा कहने के अपने फैसले पर मोना काफी स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने टीवी से पूरी इज्जत के साथ विदा ली है। वहां मेरे लिए अब कुछ नया बचा ही नहीं है। मैंने सब कुछ कर लिया डेली सोप, रिएलिटी शो, होस्टिंग। मुझे जिन तरह के रोल चाहिए थे, उनके लिए मैंने लंबे समय तक इंतजार किया और अब वही मिल रहा है।' उन्होंने आगे बताया कि अगले साल उनकी तीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं और वह फिल्मों और ओटीटी के बीच संतुलन बनाकर बहुत खुश हैं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in